




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 15 अंक - 237 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 10 जून 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर खड़े डंपर में घुसी श्रद्धालुओं से भरी बस, चार की मौत और कई घायल

**गाजीपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सोमवार को भीषण हादसा हुआ। एक्सप्रेस-वे पर बरेसर थाना क्षेत्र के मुस्सेपुर गांव के पास खड़े डंपर में अयोध्या से आ रही बस घुस गई। हादसे में बस में सवार करीब 36 लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिनमें अब तक चार के मरने की आधिकारिक पुष्टि हुई है। घायलों को मऊ और गाजीपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इस बीच पुलिस टीम की मदद से वाहनों को हाईवे से हटाया गया। साथ ही सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बस में अलग-अलग इलाके के करीब 36 लोग सवार थे, जो अयोध्या से दर्शन कर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि बस बिहार के विक्रमगंज जा रही थी। सुबह पांच बजे बरेसर थाना क्षेत्र के मुस्सेपुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर खड़े) डंपर में पीछे से घुस गई। माना जा रहा है कि बस चालक को झपकी आ गई, जिससे यह हादसा हुआ है। फिलहाल, पुलिस कारण की जांच कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि घायलों को मऊ और गाजीपुर जिला अस्पताल भेजा गया है।

हादसे में मृत लोगों में बस ड्राइवर राम पुत्र राम आधार (45) निवासी ग्राम करथ थानां तारारी जनपद भोजपुर बिहार, कमला देवी पत्नी राम प्रवेश यादव (65) निवासी ग्राम करथ थाना तारारी जनपद भोजपुर बिहार, विनोद सिंह (आर्मी मैन) निवासी हसन बाजार थाना अभई जनपद भोजपुर बिहार व सुनीता सिंह उर्फ संध्या पत्नी विनोद सिंह निवासी ग्राम हसन बाजार थानां अभई जनपद भोजपुर बिहार शामिल हैं।

### महतारी वंदन योजना की सूची से तीन माह में 700 महिलाएं हुईं अपात्र

**राजनांदगांव।** विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महतारी वंदन योजना की सूची से राजनांदगांव जिले से तीन माह में लगभग 700 महिलाएं बाहर हो गई हैं। फरवरी में आवेदन करने वाली महिलाओं की संख्या दो लाख 59 हजार 192 थी, जांच में कुछ महिलाएं अपात्र पाई गई थीं। जून में जिन महिलाओं के बैंक खाते में एक हजार रुपये की किस्त आई है उनकी संख्या दो लाख 58 हजार 474 ही है। महतारी वंदन योजना से बाहर होनी वाली महिलाओं में अधिकांश को मापदंडों से बाहर बता दिया गया। दस्तावेजी कमियां व त्रुटियों के चलते भी कई महिलाएं एक-दो किस्त पाने के बाद अपात्रों की सूची में चली गईं। शासन स्तर पर कराई जा रही जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि ऐसा क्यों हो रहा है।

### गृहमंत्री विजय शर्मा बोले- गिरौदपुरी के जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ की होगी न्यायिक जांच

**रायपुर।** सतनामी समाज के विभिन्न संगठनों एवं प्रतिनिधियों की मांग पर गिरौदपुरी धाम के पवित्र अमरगुफा के नजदीक जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस पूरे मामले के लिए न्यायिक जांच कराने की घोषणा की है। उन्होंने दो टूक कहा की प्रदेश में कही भी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली घटनाओं को बर्दाश्त नही की जाएगी ऐसे कृत्य करने वाले दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी से सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने की अपील भी की है। गौरतलब है की विगत दिनों 15-16 मई रात को पूज्य जैतखांभ को क्षति पहुंचाने की कोशिश की गई थी।

# बिलासपुर सांसद तोखन साहू को मिली मोदी कैबिनेट में जगह, मंत्री बनते ही बनाया रिकार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से पहली बार सांसद चुने गए भाजपा के तोखन साहू को मोदी कैबिनेट में जगह मिल गई। पहली बार सांसद बनने के बाद मंत्री मंडल में जगह मिलने से प्रदेश के राजनीतिक दिग्गज हैरान हैं। छत्तीसगढ़ के कई वरिष्ठ नेता मोदी मंत्रीमंडल में शामिल होने की आस में बैठे थे लेकिन पीएम मोदी ने चौंकाते हुए तोखन साहू को केन्द्रीय राज्य मंत्री बनाया। रविवार को राष्ट्रपति भवन में अयोजित शपथ ग्रहण समारोह में तोखन साहू ने राज्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। शपथ लेते ही तोखन साहू उन सांसदों में शामिल हो गए जो पहली बार में मंत्री बन गए। छत्तीसगढ़ के लिए भी यह एक रिकार्ड है।

बता दें लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ से भाजपा को 11 में से 10 सीटें मिली हैं। कोरबा लोकसभा से सरोज पाण्डेय की हार को छोड़ दें तो शेष सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों ने शानदार जीत दर्ज की। रायपुर लोकसभा क्षेत्र से बृजमोहन अग्रवाल पांच लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज कर रिकार्ड बनाया। वहीं दुर्ग से दूसरी बार विजय बघेल ने रिकार्ड जीत हासिल की। विजय बघेल के अलावा राजनांदगांव से संतोष पाण्डेय ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल को धूल चटाते हुए जीत दर्ज की। माना जा रहा था कि इन तीनों में से किसी एक को मोदी केबिनेट में जगह मिल सकती है। हालांकि ऐसा नहीं हुआ।



### पीएम मोदी ने चौंकाया

छत्तीसगढ़ से एक मंत्री बनना तय माना जा रहा था। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही राजनीतिक सोच रखने वालों को भी उम्मीद थी कि मोदी कैबिनेट में बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल या संतोष पाण्डेय में से किसी एक को जगह मिलेगी। लेकिन पीएम मोदी ने चौंकाते हुए बिलासपुर के सांसस तोखन साहू को केन्द्रीय राज्यमंत्री बना दिया। मोदी के चौंकाने वाले फैसले के बाद माना जा रहा है कि बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल या संतोष पाण्डेय को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

### ऐसा हैं तोखन साहू का राजनीतिक सफर

भाजपा ने इस बार बिलासपुर संभाग से लोरमी विधानसभा के पूर्व विधायक तोखन साहू लोकसभा चुनाव का टिकट दिया था। तोखन साहू का जन्म 15 अक्टूबर 1969 को ग्राम डिंडोरी जिला मुंगेली में हुआ था। उनकी पत्नी का नाम लीलावती साहू है। उन्होंने एमकॉम की पढ़ाई की है। साहू ने लोरमी के छोटे से गांव सूरजपुरा से 1994 में पंच से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। इसके बाद सरपंच, फिर जनपद सदस्य उसके बाद वर्ष 2013 में लोरमी विधानसभा सीट से पहली बार विधायक निर्वाचित हुए। इस चुनाव में उन्हें 52 हजार 302 वोट मिले थे। वहीं दूसरे नंबर पर कांग्रेस के धर्मजीत सिंह रहे, जिन्हें 46 हजार 61 वोट मिले थे। साल 2014-15 में सदस्य महिलाओं एवं बालकों के कल्याण सम्बंधी समिति ,सदस्य प्रत्यायुक्त विधानसभा समिति, छत्तीसगढ़ विधानसभा रह चुके हैं। साल 2015 में रमन सरकार में वह संसदीय सचिव रहे। बिलासपुर में तोखन साहू ने 1 लाख 64 हजार 558 वोटों से जीत हासिल की है। तोखन को कुल 7 लाख 24 हजार 937 वोट मिले हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव को 5 लाख 60 हजार 379 वोट मिले हैं।

### नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार पीएम बनने व तोखन को मंत्री बनने पर सीएम साय ने दी बधाई



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बिलासपुर के सांसद तोखन साहू को केन्द्रीय राज्यमंत्री बनने पर भी बधाई दी। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल एवं मजबूत नेतृत्व में एनडीए का तीसरा कार्यकाल विकसित भारत के विराट संकल्पों की सिद्धि का परिचायक बनेगा। साथ ही आने वाला समय भारत की नई उपलब्धियों की पूर्णता का साक्षी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार से छत्तीसगढ़ के विकास को नई ऊंचाईयां मिलेगी।

मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्री परिषद में शामिल सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सांसद तोखन साहू को केन्द्रीय मंत्री परिषद में शामिल किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, वन मंत्री केदार कश्यप, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाडे, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित केन्द्रीय मंत्री परिषद में शामिल सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ से प्रधानमंत्री मोदी के मंत्री परिषद में शामिल बिलासपुर सांसद तोखन साहू को भी बधाई और शुभकामनाएं दी।

### यह हो सकती है पीएम मोदी की सोच

तोखन साहू को मंत्री बनाने के पीछे पीएम मोदी की सोच यह है कि छत्तीसगढ़ के साहू वोटर्स को साधना। छत्तीसगढ़ में एक बड़ा तबका साहू समाज से जुड़ा हुआ है। प्रदेश की 11 लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा ने बिलासपुर से ही साहू प्रत्याशी को मैदान में उतारा। जबकि महासमुंद व दुर्ग जिले को भी साहू बाहूल्य क्षेत्र माना जाता है। बिलासपुर से टिकट मिलने के बाद तोखन साहू ने कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव को हराया। संभवत: तोखन साहू को केन्द्रीय मंत्रमंडल में शामिल करने के पीछे प्रदेश के साहू वोटर्स बड़ी वजह है। तोखन साहू को मंत्री बनाकर पीएम मोदी ने लाखों साहू वोटर्स को साधने का प्रयास किया है।

## बड़ा हादसा : नदी में नहाने गए 5 लोग डूबे महिला सहित 4 की मौत

**लखीमपुर (एजेंसी)।** यूपी के लखीमपुर जिले में सोमवार की सुबह-सुबह बड़ा हादसा हुआ है। यहां के पढुआ थाना क्षेत्र में घाघरा नदी में नहाने गए एक परिवार और रिश्तेदारी में आये पांच लोग पानी में डूब गए। चीख पुकार सुनकर दौड़े गांव वालों ने सभी को नदी से निकाला। सभी को आनन-फानन में रमिया बेहड़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने एक महिला समेत चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। एक किशोरी को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना पाकर सीओ निघासन प्रवीण कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे हैं।



लखीमपुर के पढुआ थाना क्षेत्र के गांव तेलियार के पास से घाघरा नदी निकली है। गांव के सभी लोग नदी में नहाने जाते हैं। यहां के रहने वाले मंजीत श्रीवास्तव के घर उनकी बहन सुशीला देवी आई थीं। बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह परिवार के कई लोग घाघरा नदी में नहाने गए थे। नहाते समय एक किशोरी गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। उसको बचाने के लिए परिवार के बाकी लोग गहराई में पहुंच गए। गहराई और पानी बहाव इतना अधिक था कि पांचो लोग डूबने लगे।

गांववालों को इस बारे में पता चला तो वे मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने घाघरा नदी में डूबने वालों की तलाश शुरू कर दी। काफी मशक्कत कर ग्रामीणों ने सभी को नदी से बाहर निकाला और नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लाया गया। वहां 24 वर्षीय सत्यम पुत्र बृजेन्द्र, 15 साल की उर्वशी उर्फ टिया पुत्री सुबोध, 10 वर्षीय कान्हा पुत्र मंजीत निवासी टेलियार और 52 वर्षीया सुशीला पत्नी ब्रह्म प्रकाश निवासी लखीमपुर को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जबकि 12 साल की नैनी की हालत नाजुक बताई जा रही है। सीएचसी के डाक्टरों ने नैनी को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। हादसे से गांव में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर सीओ निघासन प्रवीण कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे हैं।

## जमीन पर प्रसव के मामले में स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल का एक्शन, पीएचसी के मेडिकल अफसर व स्टाफनर्स निलंबित

■ **स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा मरीजों के इलाज में मानवीय पहलुओं का रखे ध्यान**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** सरगुजा जिले के विकासखण्ड अंबिकापुर अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवानगर में प्रसूता द्वारा जमीन पर प्रसव किए जाने की घटना पर छत्तीगसढ़ स्वास्थ्य मंत्री ने बड़ा एक्शन लिया है। मामला संज्ञान में आते ही स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने घटना की जांच के निर्देश दिए थे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच किए जाने के बाद स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी व स्टाफ नर्स को निलंबित कर दिया गया। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं की भविष्य में भी ऐसी गंभीर लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए और मरीजों के मानवीय पहलुओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

प्रसुता की जमीन पर प्रसव मामले में जांच के दौरान बीएमओ, संस्था प्रभारी, बीपीएम, स्टॉफनर्स, एएनएम एवं स्थानीय मितानिन उपस्थित रहे। जांच के तहत सभी के समक्ष उक्त प्रकरण के बारे में बयान लिया गया, तथा जच्चा-बच्चा प्रसूता महिला एवं नवजात बच्चों को देखा गया। प्रसव को लेकर प्रोटोकॉल का पालन नही करने वाले खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ पी.एन. राजवाड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।रात्रिकालिन स्टॉफ द्वितीय एएनएम श्रीमती मीना चौहान को तत्काल प्रभाव से हटाकर आयुष्मान मंदिर रेवापुर में कार्यादेशित किया गया। डयूटी में पदस्थ स्टॉफ नर्स बिना पूर्व सूचना के स्टॉफ नर्स कन्या पैंकरा कार्य में अनुपस्थित थी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया, निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा किया गया। निलबंन अवधि में संबंधित को जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का एलान

## दस जुलाई को होगा मतदान और 13 को आएंगे परिणाम

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की चार सीटों सहित सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का एलान कर दिया। उपचुनाव मौजूदा सदस्यों की मृत्यु या इस्तीफे के कारण रिक्त सीटों पर कराए जाएंगे।




जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनमें बिहार की रूपौली, पश्चिम बंगाल की रायगंज, रानाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला, तमिलनाडु की विक्रवंडी,मध्यप्रदेश की अमरवाड़ा, उत्तराखंड की बद्रीनाथ और मंगलौर, पंजाब की जालंधर पश्चिम और हिमाचल प्रदेश की देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ शामिल हैं।

### यह है चुनाव का पूरा कार्यक्रम

चुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 जून है। नामांकन की जांच 24 जून को होगी और नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून है। उपचुनाव 10 जुलाई को होंगे और मतों की गिनती 13 जुलाई को होगी। चुनाव आयोग ने कहा कि उपचुनाव 15 जुलाई से पहले पूरे होने हैं।

## कौन सी नौकरी? कैसा दस्तावेज?

श्रीकंचनपथ




आरपीएफ ने राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से 16 युवतियों को बरामद किया है। आरपीएफ निरीक्षक तरूणा साहू ने इन युवतियों को स्टेशन पर कोरबा-त्रिवेंद्रम एक्सप्रेस का इंतजार करते पाया। पूछने पर युवतियों ने बताया कि वे बेंगलुरू जा रही हैं। तरूणा ने जब उनका ई-टिकट देखा तो वह तिरुपुर का निकला। यह टिकट उन्हें प्लेसमेंट एजेंट ने उपलब्ध कराए थे। मानव तस्करी का संदेह होने पर उन्होंने चाइल्ड केयर की टीम को सूचना दी। सभी युवतियां पंडरिया विधानसभा के अलग-अलग गांवों की रहने वाली हैं। वे एक प्लेसमेंट एजेंट की मदद से नौकरी करने के लिए जा रही थीं। पर उनके पास नौकरी संबंधी कोई नियुक्ति पत्र नहीं था। दरअसल, कबीरधाम में कुछ समय पहले एक बैंक की स्थानीय शाखा ने सिलाई प्रशिक्षण की पहल की है। यहां से 40 युवतियों का एक बैच पास हुआ था। ये 16 युवतियां उसकी ही हिस्सा थीं। प्रशिक्षण पूरा होते ही ग्राम बघर्रा निवासी एक प्लेसमेंट एजेंट इनके सम्पर्क में आया। उसने इन्हें बेंगलुरू में सिलाई का काम दिलाने का वायदा किया। युवतियों को बताया गया था कि उन्हें रहने-खाने के अलावा 12 हजार रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। उसने टिकट के लिए युवतियों से 4-4 सौ रुपए लिए। चाइल्ड केयर की टीम ने युवतियों को सखी वन-स्टॉप सेंटर पहुंचाया तथा उनके माता-पिता को खबर कर दी। सभी युवतियां बहुत कम पढ़े लिखे परिवार से हैं। पर पढ़े लिखे परिवारों के लिए भी हालात जुदा नहीं हैं। पिछले कुछ वर्षों से मुम्बई, बेंगलुरू, चंडीगढ़, गुरुग्राम, हैदराबाद, आदि शहरों के प्लेसमेंट एजेंट छत्तीसगढ़ के कालेजों के सम्पर्क में हैं। रहना-खाना और 12 हजार रुपए की स्टार्टिंग सैलरी पर वे बीएससी नर्सिंग पास आउट्स को जॉब ऑफर करते हैं। हकीकत यह है कि इन शहरों में घरेलू नौकरों का भी वेतन इससे कहीं ज्यादा है। ऊपर से घरेलू नौकरों के हजार नखरे हैं। वो किसी के दबाव में काम नहीं करते। उन्हें जब छुट्टी चाहिए होती है, छुट्टी लेकर रहते हैं। वेतन काटने का तो सवाल ही नहीं पैदा होता। इन शहरों में 50-60 हजार रुपए महीना कमाने वाला भी परेशान रहता है। वजह है इन शहरों का लिविंग कॉस्ट। किराया, खाना-पीना और छुट्टी के दिन का खर्च जोड़ लें तो बचत कुछ भी नहीं होती। इसलिए जब रहना खाना फ्री हो जाता है तो छत्तीसगढ़-ओडीशा जैसे राज्यों के बच्चे खुशी-खुशी वहां चले जाते हैं। एक बड़े शहर में रहने का अनुभव तो मिलता ही है आगे की राह भी आसान हो जाती है। कालेज कैम्पस से प्लेसमेंट मिलने का एक लाभ और होता है कि उनके पास नियुक्त पत्र होता है। वरना छत्तीसगढ़ के निजी क्षेत्र में अधिकांश लोग बिना नियुक्ति पत्र के काम करते हैं। सालों की नौकरी के बाद भी एक्सपीरियंस सर्टिफिकेट नहीं मिलता। खूब पढ़े लिखे-लोगों को भी 15-20 हजार रुपए से ज्यादा की नौकरी नहीं मिलती। पर यही लोग जब किसी बड़े शहर में काम करके लौटते हैं तो बढ़िया पैकेज मिल जाता है।




## संपादकीय


# कृत्रिम हृदय की ओर

सबसे बेहतर विकल्प है कि एक कारगर कृत्रिम हृदय का सृजन जल्दी से जल्दी किया जाए, ताकि करोड़ों लोगों को नया जीवन दिया जा सके। आईआईटी, कानपुर में कृत्रिम हृदय के निर्माण में लगे इंजीनियरों को आगे प्रयोग की मंजूरी मिलना एक बड़ी खुशखबरी है। यह संस्थान साल 2022 में ही कृत्रिम हृदय तैयार कर चुका है और प्रयोगशाला में उसके प्रयोग सफल भी रहे हैं।

> अब इस कृत्रिम हृदय का प्रयोग एक बकरी में किया जाएगा। कृत्रिम हृदय, जिसे 'हृदयंत्र' नाम दिया गया है, वह ऐसे मरीजों के काम आ सकता है, जिनको हृदय प्रत्यारोपण का इंतजार है। गौरतलब है कि भारत में ही प्रति वर्ष करीब एक करोड़ लोगों को हृदय की वजह से लाचार होना पड़ता है, पर जब कृत्रिम हृदय को सफलता मिल जाएगी, तो हृदय-रोगियों को नया जीवन मिलेगा।

यह भी उल्लेखनीय है कि जब इस प्रयोग को सफलता मिल जाएगी, तो हृदय प्रत्यारोपण का खर्च दस गुना घट जाएगा। अभी हृदय प्रत्यारोपण के जो विकल्प दुनिया में उपलब्ध हैं, वे पर्याप्त या सुलभ नहीं हैं। अतः भारत में किफायती और सक्षम कृत्रिम हृदय की खोज होती है, तो चिकित्सा जगत के लिए एक ऐतिहासिक कामयाबी होगी।

यह भी एक सुखद संयोग है कि शरीर की अभियांत्रिकी पर किसी भारतीय इंजीनियरिंग कॉलेज में काम हो रहा है। चिकित्सा का काम वास्तव में आधुनिक समय में इंजीनियरिंग से जुड़ा हुआ है। आईआईटी, कानपुर के जिन वैज्ञानिकों ने यह अद्भुत निर्माण किया है, उन्होंने बाकायदे ऑपरेशन थियेटर में मौजूद रहते हुए हृदय का ऑपरेशन करीब से देखा है। दरअसल, हमारा शरीर



किसी इंजीनियरिंग महायंत्र से कम नहीं है। देश के विख्यात चिकित्सक देवी शेट्टी ने ही आईआईटी, कानपुर को इस प्रयोग और निर्माण के लिए प्रेरित किया था। इस तरह से चिकित्सकों के साथ मिलकर अभियंताओं ने काम किया है और आगे जब एक बकरी में यह प्रत्यारोपण होगा, तब भी ऑपरेशन थियेटर में चिकित्सकों के साथ अभियंता भी रहेंगे। गौर करने की बात है कि पहले कानपुर में हृदय के ठीक नीचे प्रत्यारोपित किया जाने वाला, बैटरी से चलने वाला छोटा पंपिंग उपकरण बनाया गया था। यह एक पंप की तरह काम करता है, जो पूरे शरीर में रक्त संचारित करने में मदद करता है, जिससे रोगी को एक नया जीवन मिलता है। यह यंत्र भी आईआईटी ने बहुत सस्ते में बनाया था, जबकि ऐसा ही काम करने वाला यंत्र करीब एक करोड़ रुपये में उपलब्ध होता है।

दरअसल, जरूरत एक चालू यांत्रिक कृत्रिम हृदय के बजाय एक जीवंत कृत्रिम हृदय की है, जो पुख्ता रूप से शरीर के अंदर स्थापित होकर बाकी अंगों के साथ तालमेल बिठाकर घुल-मिलकर काम करने लगे। वैसे, कृत्रिम हृदय के साथ यह कोई पहला प्रयोग नहीं है। साल 1938 में पहले कृत्रिम हृदय का प्रत्यारोपण एक कुत्ते में किया गया था। 1952 में एक यांत्रिक हृदय बनाया गया, जो शल्य चिकित्सा की स्थिति में आंशिक रूप से कुछ समय के लिए हृदय की तरह काम करता था। खैर, अब मानव हृदय का किसी मानव में प्रत्यारोपण संभव है, लेकिन प्राकृतिक हृदय की उपलब्धता एक बड़ी कमी है, जिसकी पूर्ति संभव नहीं है। जब रक्तदान की स्थिति ही अभी पर्याप्त नहीं है, तब हृदय दान के लिए माहौल भला कैसे बनाया जा सकता है? अतः सबसे बेहतर विकल्प है कि एक कारगर कृत्रिम हृदय का सृजन जल्दी से जल्दी किया जाए, ताकि करोड़ों लोगों को नया जीवन दिया जा सके। इस दिशा में जुटे वैज्ञानिकों की जितनी प्रशंसा की जाए, कम होगी।

## नजरिया

# हर साल अधिक गरम होती गरमी से बचने की कवायद

*गर्मियों में तापमान का 47 डिग्री या इससे पार चले जाना अब सामान्य हो गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तो पिछले दिनों गरमी 53 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गई थी। उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में होने के कारण भारत में इस समय गरमी रहती ही है, लेकिन जलवायु संकट की वजह से पिछले डेढ़ दशक में कई बार तापमान ने रिकॉर्ड तोड़ा है।*

सुरुचि भडवाल,
मृदा एवं जलवायु विशेषज्ञ



लंबे समय तक तापमान अधिक रहने से हीटवेव, यानी अत्यधिक गरमी की स्थिति बन जाती है। आंकड़े बताते हैं कि भारत के कई हिस्से अब हर साल हीटवेव से झुलसने लगे हैं। ग्रीनहाउस गैस के बढ़ते उत्सर्जन के कारण पिछले करीब 200 वर्षों में 10 सबसे गरम साल 2014 से 2023 तक के वर्ष ही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह प्रवृत्ति आगे भी बनी रह सकती है और हम साल दर साल इसी तरह या इससे अधिक गरमी झेलने को मजबूर होंगे।

भारत में किए गए कई अध्ययनों ने बताए हैं कि जलवायु संकट का देश पर किस कदर प्रभाव पड़ रहा है। चरम मौसमी परिस्थितियों की तीव्रता और आने की दर पिछले कुछ दशकों में बढ़ी है। एनर्जी ऐंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) ने पिछले पांच दशकों के जलवायु पैटर्न को जांचने के लिए एक अध्ययन किया, जिसमें अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि की प्रवृत्ति दिखती है। चंद इलाकों को छोड़ दें, तो कमोबेश पूरे देश में अधिकतम तापमान में तेज बढ़ोतरी हो रही है। यह वृद्धि प्रति दशक 0.1 डिग्री सेल्सियस से लेकर 0.4 डिग्री सेल्सियस तक है। देश के उत्तर-पश्चिमी इलाकों में सबसे तेज बढ़ोतरी (एक दशक में 0.3 डिग्री सेल्सियस) हुई है, जबकि पूर्वोत्तर में गरम दिनों की संख्या (सालाना 10-15 दिन) बढ़ी है। पश्चिमी तट में भी गरम दिनों की संख्या अधिक हुई है, हर साल पांच से दस दिन।

जलवायु संकट गहराने के साथ आने वाले दशकों में अधिकतम तापमान और गरम दिनों की संख्या में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी ही होगी। राजस्थान के पश्चिमी हिस्से और लद्दाख में अधिकतम तापमान में तेज वृद्धि की आशंका है, जो साल 2055 तक 1.8 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकती है। जहां तक गरम दिनों की बात है, तो ग्रीष्म ऋतु में चार से 40 दिनों तक तेज गरमी के दिन बढ़ सकते हैं। इसमें राजस्थान के पश्चिमी हिस्से, गुजरात का पश्चिमी भाग और पश्चिमी तट भी शामिल हैं, जहां 25-30 दिनों तक गरम दिनों में वृद्धि हो सकती है।


तापमान के सामान्य मौसमी परिस्थितियों से लगातार अधिक बने रहने से हीटवेव पैदा होती है, जो हमारी सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है। कई बार तो लोगों तो एहसास तक नहीं होता कि वे किस खतरे के बीच अपना दिन गुजार रहे हैं। हीटवेव के कारण हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन हो सकता है और कुछ मामलों में जान भी जा सकती है। इसके अलावा, अत्यधिक गरमी से उत्पादकता पर भी असर पड़ता है। समय बीतने के साथ ये परिस्थितियां बढ़ती ही जाएंगी, इसलिए इस पर पर्याप्त ध्यान देने की दरकार है। जलवायु संकट के कारण यदा-कदा होने वाली अत्यधिक गरमी का दौर सामान्य, लंबा और अधिक गंभीर होता जा रहा है। वैज्ञानिकों का आकलन है कि इससे एक अरब से अधिक लोगों की जान जोखिम में पड़ सकती है।

स्पष्ट है, मौसम पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। मौसम विभाग की चेतावनियों को भी व्यापक तौर पर प्रसारित करने की जरूरत है, जो न सिर्फ आम लोगों को समझ में आए, बल्कि वे उन पर अमल भी कर सकें। कुछ आसान उपाय तो हमारे सामने हैं, जैसे तेज धूप के समय घर के भीतर रहना, अत्यधिक गरमी में बाहरी गतिविधियों से बचना, ज्यादा भीड़-भाड़ वाली जगहों से परहेज करना, शरीर में पानी की कमी न होने देना आदि। दूरगामी कदमों के तहत चेतावनी प्रसारित करने वाली संचार सुविधाओं में सुधार, इमारतों का मौसम-अनुकूल निर्माण, शहरी नियोजन व भू-निर्माण को अपनाने (इसमें खुला व हरित क्षेत्र हो, ताकि हवा का बहाव सुगम रहे और प्राकृतिक ठंडक बनी रहे) जैसे काम किए जा सकते हैं। हरित छत की अवधारणा पर भी काम किया जा सकता है। बढ़ते तापमान और अत्यधिक गरमी के खिलाफ हमें संजीदगी दिखानी ही होगी। हम चूंकि जलवायु संकट में फंस चुके हैं, इसलिए इस तरह की कवायद आसन्न मुश्किलों को दूर करने में हमारी मदद कर सकती है।

**(साथ में के वेंकटरमना)**
**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# समय में शिक्षा और कौशल विकास

सतीश सिंह




मौजूदा समय में शिक्षा और कौशल विकास के बीच तालमेल नहीं दिख रहा है। शिक्षा के माध्यम से कौशल का विकास होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। हमारे अकादमिक कल-कारखानों से लाखों की संख्या में डॉक्टर, इंजीनियर, एमबीए आदि की भारी-भरकम डिग्रियां लेकर युवा निकल रहे हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश कौशलयुक्त एवं ज्ञानवान नहीं हैं। ऐसे लोग किसी भी कार्य को कुशलतापूर्वक अंजाम तक नहीं पहुंचा पाते, लेकिन होनहार के लिए रोजगार की कमी नहीं है।

तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान रखने वाले, भले ही डिग्री एवं अंग्रेजी के मामले में पीछे होते हैं, लेकिन वे हर किस्म की मुश्किलों को आसानी से सुलझा सकते हैं क्योंकि किसी कार्य को करने के लिए डिग्री से ज्यादा कौशल की जरूरत होती है। कौशल को विकसित करके युवा बिना किसी डिग्री के भी हर कार्य कुशलतापूर्वक कर सकते हैं। हमारे देश के स्कूल और कॉलेज के अध्यापकों का मानना है कि जो बच्चा लगातार हर परीक्षा में अव्वल आ रहा है, उसी को सिर्फ होनहार माना जा सकता है, जो छात्र इस कसौटी पर खरा नहीं उतर पाते हैं, उन्हें कमअक्ल माना जाता है।

इसमें दो मत नहीं हैं कि स्कूल-कॉलेजों में प्राप्त अच्छे अंक छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं किंतु इसका मतलब कदापि नहीं है कि हम इसे मेधावी होने या न होने का प्रमाण मानें। किसी विषय में कम या ज्यादा अंक प्राप्त करने से किसी भी छात्र को मेधावी या कमअक्ल नहीं माना जा सकता। हर विषय में हर छात्र की रु चि का होना जरूरी नहीं है। महान वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन की रुचि केवल भौतिक विज्ञान में थी। महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। लता मंगेशकर की भी गणित या विज्ञान में रु चि नहीं थी। सचिन तेंदुलकर या महेंद्र सिंह धोनी का अकादमिक रिकॉर्ड बहुत खराब रहा है, लेकिन वे अपने क्षेत्र में महान हैं।

दरअसल, यहां फंडा 'जब जागा तभी सवेरा' वाला है। जिन छात्रों के अंदर जीवन में सफलता हासिल करने की जिजीविषा जागृत हो जाती है वे हर कक्षा में तृतीय या द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण होने के बावजूद आईएएस की परीक्षा में शीर्ष 20 या 50 में स्थान बनाने में सफल हो जाते हैं। बारहवीं फेल फिल्म में एक ऐसे ही युवा की कहानी फिल्माई गई है। फिल्म 'थ्री इडियट' में दिखाए गए दर्शन को भी हम नकार नहीं सकते। जरूरी नहीं कि हर बच्चा इंजीनियर या डॉक्टर बने।

दुनिया में करने के लिए इतने सारे क्षेत्र हैं कि आप किसी बच्चे को कमतर नहीं मान सकते। बस आपके दृष्टिकोण पर निर्भर करता है कि आप किसे होनहार मानते हैं। भारत में जो बच्चे कॉलेज तक लगातार अच्छे अंक लाकर नौकरी के लिए आवेदन करने लायक अर्हता अंक प्राप्त करने में सफल हो जाते हैं, उन्हें ही जहीन माना जाता है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने 2013 में पहली बार प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के अंकों को सार्वजनिक किया था, जिसमें 1004 अभ्यर्थी सफल हुए थे और शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्याशी ने समग्र रूप 53 प्रतिशत अंक हासिल किए थे जबकि अंतिम पायदान पर सफल रहने वाले अभ्यर्थी ने लिखित परीक्षा में 30 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। पूर्व में धारणा थी कि यूपीएससी की परीक्षा में 75 से 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी ही सफल होते हैं। मामला यूपीएससी तक सीमित रहे तो बात समझ में आए। हालात तो इतने बदतर हैं कि बैंक या अन्य निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों में कर्मचारियों की भर्ती हेतु आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी 100 तो छोड़िए 60 प्रतिशत अंक भी स्कोर नहीं कर पाते हैं। देश में इंजीनियरिंग, मेडिकल,आईटीआई एवं अन्य रोजगारपरक शिक्षा की शुरु आत जरूर की गई है, लेकिन इन पाठ्यक्रमों की सार्थकता नाममात्र की है, क्योंकि यहां से पढ़कर बाहर निकलने के बाद भी अधिकांश युवा कौशलहीन होते हैं, जबकि हुनरमंद युवा देश के समावेशी विकास को सुनिश्चित करने में आगे रहते हैं। हुनरमंद बेरोजगार नहीं रहता।

आसानी से अपने परिवार का भरण-पोषण कर लेता है। बढ़ई, लोहार, प्लंबर, बिजली मिस्त्री, राज मिस्त्री, वाहन की मरम्मत करने वाले कारीगर आदि कभी भूखे नहीं मरते। सरकार को कर भी देते हैं, और देश के अर्थ चक्र को गतिमान भी रखते हैं। अस्तु, आज सरकार को डिग्री बांटने की जगह युवाओं को हुनरमंद बनाने पर जोर देना चाहिए और योग्यतानुसार रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में अग्रतर कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि सभी के ज्ञान का स्तर एक समान नहीं होता पर निरंतर मेहनत सभी कर सकते हैं। मामले में अंकों की बाजीगरी की तह तक पहुंचने की भी आवश्यकता है। ऐसा होता है तो सरकार और लोग स्वतः कौशल विकास को प्राथमिकता देंगे।

**(ये लेखक के विचार हैं)**

## मोदी के लिए बड़ी चुनौती, क्या करेंगे?

हरिशंकर व्यास

संभव नहीं। वे समय और मिजाज दोनों में बंधे हैं। समय ग्राफ के लुढ़कने का है। 2024 के जनादेश ने नरेंद्र मोदी को एक तरह से बर्फ की सिल्ली बना दिया है जो सियासी गर्मी में पिघलनी ही है। वे सत्ता में चाहे जितना रहें, लोगों में असंतोष और गुस्सा निरंतर बढ़ना है। मोदी की तीसरी कैबिनेट सत्ता और सत्ताखोरी में वक्त काटेगी। पहले सरकार में मोदी, अमित शाह दो का खेला था अब सबका खेला बनेगा। न महंगाई और बेरोजगारी में तनिक भी कंट्रोल संभव है और न शिक्षा, चिकित्सा और आवश्यक सेवाओं का सुधरना, उनका सस्ता होना मुमकिन है। ऊपर से दस साला भ्रष्टाचार की परतें धड़ाधड़ खुलनी हैं।


ऐसे में नरेंद्र मोदी क्या करेंगे? वे चौबीस घंटे दिन रात इस चिंता में रहेंगे कि कैसे पुराना दस साला राज वापिस लौटे। वह राज जिसमें एकक्षत्रता थी। किसी की कैबिनेट में बोलने की हिम्मत नहीं होती थी। ईडी, सीबीआई आदि का जिधर चाहे हथौड़ा चला देते थे। अदालतें चिंता करती और घबराती थीं। हर दिन मीड़िया भगवान का नया श्रृंगार दिखाता होता था। प्रतिदिन सुबह-शाम आरती उतरती थी।

चिंता, असहजता और मिजाज की मजबूरी में नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता लोकसभा में भाजपा के सासंदों की संख्या को 275 पार बनाने की होगी। मुश्किल है उनके लिए जो उनके साथ साथ चंद्रबाबू व नीतीश कुमार फोटो में नजर आएं। सुबह, शाम, संसदीय सत्र में रोज विपक्ष का शोर सुनें। इसलिए फोटो फ्रेम से नीतीश व चंद्रबाबू को आउट करना जरूरी है। पर वे इनका हाथ पकड़ कर इन्हें बाहर नहीं कर सकते तो डांटना, बोलना भी संभव नहीं।

मोदी के लिए बड़ी चुनौती इसी साल होने वाले तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव हैं। उनमें में नरेंद्र मोदी का जादू फिर फेल हुआ तो क्या करेंगे? इसलिए बिहार के चुनाव तक मोदी को नीतीश कुमार की छाया में रहना है। उधर दक्षिण भारत के सारे राज्य और उनके मुख्यमंत्री व सांसद केंद्र से पैसे लेने, जीएसटी के मुद्दे और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मामले में चंद्रबाबू को आगे रख कर अपना एजेंडा साधेंगे। इससे उत्तर भारत में भाजपा फुस्स होगी। भाजपा की प्रदेश सरकारों को लाले पड़ने हैं। संभव है एक जुलाई से लागू होने वाली नई आईपीसी पर भी दक्षिण में झमेला हो।

इन स्थितियों में नरेंद्र मोदी क्या अटल बिहारी वाजपेयी की तरह अपने को लचीला, सभी के साथ फ्रेम में होने वाला, समावेशी बन सकते हैं? नामुमकिन। उनका अगला टर्निंग प्वाइंट हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों का होगा। चुनाव जीतने के लिए मोदी का तब एक्स्ट्रीम हल्ला बोल होगा तो संभव वहीं चंद्रबाबू और नीतीश उसे अनसुना करें। जाहिर है नरेंद्र मोदी नहीं बदल सकते हैं और इसी से आगे भी उनका हस्र है।

**(ये लेखक के विचार हैं)**



# जन अभियान बने पर्यावरण संरक्षण

रमेश सर्राफ धमोरा

पर्यावरण शब्द संस्कृत भाषा के 'परि' उपसर्ग (चारों ओर) और 'आवरण' से मिलकर बना है जिसका अर्थ है ऐसी चीजों का समुच्चय जो किसी व्यक्ति या जीवधारी को चारों ओर से आवृत्त किये हुए हैं। यह शब्द फ्रांसीसी शब्द एनवायरनर से लिया गया है, जिसका अर्थ है घेरना, घेरना या घेरना। पर्यावरण को उस परिवेश या परिस्थितियों के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें पौधे, जानवर और मनुष्य जैसे जीवित जीव रहते हैं। पर्यावरण की एक सरल परिभाषा में कहा जा सकता है कि मानव जीवन को प्रभावित करने वाले सभी जैविक और अजैविक तत्वों को शामिल करने वाली एक प्रणाली है। जैविक या जीवित घटकों में सभी वनस्पति और जीव शामिल हैं, और अजैविक घटकों में पानी, सूरज की रोशनी, हवा, जलवायु आदि शामिल हैं।

हमारी धरती, जनजीवन को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण का सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है। पूरी दुनिया आधुनिकता की ओर बढ़ रही हैं। दुनियाभर में हर दिन ऐसी चीजों का इस्तेमाल बढ़ रहा है जिससे पर्यावरण खतरे में हैं। इंसान और पर्यावरण के बीच गहरा संबंध है। प्रकृति के बिना जीवन संभव नहीं। ऐसे में प्रकृति के साथ इंसानों को तालमेल बिठाना होता है। लेकिन लगातार वातावरण दूषित हो रहा है। जिससे कई तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं। जो हमारे जनजीवन को तो प्रभावित कर ही रही हैं। साथ ही कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं की भी वजह बन रही हैं। सुखी स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है। इसी उद्देश्य से हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1972 में पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था। लेकिन विश्व स्तर पर इसके मनाने की शुरुआत 5 जून 1974 को स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में हुई थी। जहां 119 देशों की मौजूदगी में पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साथ ही प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का गठन भी हुआ था। भारत में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम भारत की संसद द्वारा 1986 में पारित किया गया था। इसे संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत पारित किया गया था। यह 19 नवंबर 1986 को लागू हुआ था।

देश में तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण बड़ी मात्रा में कृषि भूमि आबादी की भेंट चढ़ती गई। जिस कारण वहां के पेड़ पौधे काट दिये गये व नदी नालों को बंद कर बड़े-बड़े भवन बना दिए गए। जिससे वहां रहने वाले पशु, पक्षी अन्यत्र चले गए। लेकिन लाकडाउन ने लोगों को उनके पुराने दिनों की याद दिला दी है। पुराने समय में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिये पड़ो को देवताओं के समान दर्जा दिया जाता था। ताकि उन्हे कटने से बचाया जा सके। बड़-पीपल जैसे घने छायादार पेड़ो को काटने से रोकने के लिये उनकी देवताओं के रूप में पूजा की जाती रही है। इसी कारण गावों में आज भी लोग बड़ व पीपल का पेड़ नहीं काटते हैं।

मनुष्य प्रकृति द्वारा बनाया गया सबसे बुद्धिमान प्राणी माना जाता है। उसने एक ओर जहां विज्ञान से प्रौद्योगिक का विकास किया वहीं दूसरी ओर अंधाधुंध शहरीकरण तथा औद्योगिकीकरण भी किया। इसी का नतीजा है कि उद्योगों से निकलने वाला धुआँ, दूषित पदार्थ आदि प्रदूषण को जन्म दें रहे हैं। इस कारण जलप्रदूषण, वायुप्रदूषण हुआ है। आवास एवं शहरीकरण हेतु वनों की अत्यधिक कटाई के कारण मिटटी प्रदूषण एवं भूमि कटाव जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। वर्तमान समय में प्रदूषण किसी एक गांव, कस्बे या शहर की समस्या नहीं है अपितु यह संपूर्ण विश्व की बहुत विकराल समस्या बन गई है।

हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। इस साल विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर केंद्रित है। स्वस्थ पर्यावरण हमारे जीवन में काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि बिना इसके स्वस्थ रहने की कल्पना करना मुश्किल है। हमें अपने मन में संकल्प लेना होगा कि हमें प्रकृति से सदभाव के साथ जुड़ कर रहना है। इस पर्यावरण दिवस पर हम सब इस बारे में सोचें कि हम अपनी धरती को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए और क्या कर सकते हैं। किस तरह इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। पर्यावरण दिवस पर अब सिर्फ पौधारोपण करने से कुछ नहीं होगा। जब तक हम यह सुनिश्चित नहीं कर लेते कि हम उस पौधे के पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करेंगें।

यदि समय रहते प्रदूषण जैसी समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो इसका खामियाजा संपूर्ण मानव जाति को भुगतना होगा। और इसके भयंकर परिणाम होंगे जो हमारे साथ भविष्य में आने वाली पीढ़ी भी भुगतेगी। नेशनल हेल्थ पोर्टल आफ इंडिया के मुताबिक देश में हर साल करीब 80 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण की वजह से हो जाती है। वायु प्रदूषण के चलते लोगों को शुद्ध हवा नहीं मिल पाती है। जिसका हमारे शरीर में फेफड़े, दिल और दिमाग पर बुरा असर पड़ रहा है। देश में 34 प्रतिशत लोग प्रदूषण की वजह से मरते हैं।

तीन वर्ष पूर्व लाकडाउन का वह समय पर्यावरण की दृष्टि से अब तक का सबसे उत्तम समय रहा था। उस दौरान शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी वायु प्रदूषण का स्तर घटकर न्यूनतम स्तर पर आ गया है। देश की सभी नदियों का जल पीने योग्य हो गया था। जो किसी चमत्कार से कम नहीं है। पूरी दुनिया में पिछले वर्ष जैसा पर्यावरण दिवस शायद ही फिर कभी मने। सरकार हर वर्ष नदियों के पानी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अरबों रुपए खर्च करती आ रही है। उसके उपरांत भी नदियों का पानी शुद्ध नहीं हो पाता है। लाकडाउन के दौरान बिना कुछ खर्च किए ही नदियों का पानी अपने आप शुद्ध हो गया था। पर्यावरणविदों के मुताबिक जिन नदियों के पानी से स्नान करने पर चर्म रोग होने की संभावनाएं व्यक्त की जाती थी। उन नदियों का पानी शुद्ध हो जाना बहुत बड़ी बात थी। देश की सबसे अधिक प्रदूषित मानी जाने वाली गंगा नदी सबसे शुद्ध जल वाली नदी बन गयी थी।

विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के दूसरे तरीकों सहित सभी देशों के लोगों को एक साथ लाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जंगलों के प्रबन्ध को सुधारना है। वास्तविक रुप में पृथ्वी को बचाने के लिये आयोजित इस उत्सव में सभी आयु वर्ग के लोगों को सक्रियता से शामिल करना होगा। तेजी से बढ़ते शहरीकरण व लगातार काटे जा रहे पड़ो के कारण बिगड़ते पर्यावरण संतुलन पर रोक लगानी होगी।

भारत का पहला पर्यावरण आंदोलन बिश्नोई आंदोलन था। अमृता देवी ने इस प्रयास का नेतृत्व किया था। जिसमें 363 लोगों ने अपने जंगलों के संरक्षण के लिए अपनी जान दे दी। पेड़ों की सुरक्षा के लिए उन्हें गले लगाने या आलिंगन देने की अवधारणा स्थापित करने वाला यह अपनी तरह का पहला आंदोलन था। इस दिन हमें आमजन को भागीदार बना कर उन्हे इस बात का अहसास करवाना होगा कि बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन का खामियाजा हमे व हमारी आने वाली पीढियों को उठाना पड़ेगा। इसलिये हमें अभी से पर्यावरण को लेकर सतर्क व सजग होने की जरूरत है। हमें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में तेजी से काम करना होगा तभी हम बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन को संतुलित कर पायेगें। तभी हमारी आने वाली पीढ़ियां शुद्ध हवा में सांस ले पायेगी।

**(ये लेखक के विचार हैं)**

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur, Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### मोहला जिले की व्यापम परीक्षाओं की शुरूआत पीएटी परीक्षा से

**मोहला।** सत्र 2023-24 से नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी को व्यापम परीक्षाएं आयोजित करने की सौगात मिली इसी तारतम्य में सत्र 2024-25 एक पाली में प्रातः 9:00 बजे से 12:15 बजे तक PAT/PVPT परीक्षा आयोजन से शुरूआत हुई, जिसमें विकासखंड मोहला के सेजेस मोहला एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मोहला तथा विकासखंड चौकी से सेजेस चौकी इस प्रकार कुल तीन केंद्र बनाए गए। जिसमें व्यापम द्वारा आबंटित 508 परीक्षार्थियों में से 266 उपस्थित रहें जबकि 242 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। व्यापम नियंत्रक से प्राप्त समय-सारणी के अनुसार माह जून-जुलाई में विभिन्न परीक्षाएं जिले में आयोजित होंगी, गत वर्ष जिलें में कुल 9 केन्द्रों में लगभग 2900 परीक्षार्थियों ने परीक्षाएं दी जबकि वर्तमान सत्र में व्यापम से प्राप्त लगभग 2602 अतिरिक्त क्षमता के लिए 12 और नवीन केन्द्रों का प्रस्ताव व्यापम को प्रेषित किया गया है। इसी तारतम्य में आगामी परीक्षा दिनांक 13 जून 2024 को दो पालियों में क्ष्वञ्ञ की परीक्षाएं होगी, जिला नोडल अधिकारी व्यापम श्री अविनाश ठाकुर डिप्टी कलेक्टर ने विज्ञप्ति के माध्यम से परीक्षार्थियों से अपील की है कि परीक्षार्थी सही केंन्द्र एवं उचित कक्ष का पर्याप्त अवलोकन कर मूल प्रवेश पत्र और मूल पहचान-पत्र अनिवार्य रूप से साथ में रखें।

### प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

**मोहला।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन दिनांक 9 जून 2024 को समय प्रातः 11:00 बजें से 02:00 बजें तक किया गया। प्रवेश परीक्षा हेतु पात्र 1598 विद्यार्थियों में से 1023 बालिका एवं 575 बालक थे। परीक्षा में 926 बालिका एवं 524 बालक इस प्रकार कुल 1486 विद्यार्थी उपस्थित रहें। 61 बालिका एवं 51 बालक अनुपस्थित रहें। प्रवेश परीक्षा हेतु जिलें में कुल 07 परीक्षा केन्द्र बनायें गये थे। इन विद्यालयों में चयनित विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय एवं अध्ययन के साथ-साथ मेडिकल तथा इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। परीक्षा संचालन के दौरान अविनाश ठाकुर जिला नोडल अधिकारी , एस.डी.एम. मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, जिला शिक्षा अधिकारी फत्ते राम कोसरिया, तहसीलदारों एवं नियुक्त प्रेक्षकों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया गया। सभी परीक्षा संचालन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** भारत सरकार ने असाधारण क्षमताओं वाले बच्चों को उचित प्रोत्साहन देने हेतु उनके द्वारा बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा और विज्ञान व प्राद्यौगिकी, पर्यावरण, कला व संस्कृति व नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करने के आनलाईन आवेदन करने की 31 जुलाई 2024 तक आमंत्रित किया है। इसका मुख्य और सूत्रधार विभाग महिला एवं बाल विकास है। इसके अंतर्गत प्रतिवर्ष 26 दिसम्बर को भारत शासन द्वारा बाल वीर दिवस घोषित किया जाता है। जिसके अंतर्गत 25 या न्यूनाधिक विजेता बच्चों को मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है। असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चों का आनलाईन वेबसाइट अर्वाड्स डॉट जीओवी डॉट इन पर 31 जुलाई 2024 तक आवेदन किया जाना है।

# डिजिटल साक्षरता के लिए कलेक्टर ने डीटी वेन को दिखाई हरी झंडी

**6 माह में 1000 प्रशिक्षार्थी प्रौद्योगिकी या कंप्यूटर से संबंधित तकनीकी ज्ञान से होंगे शिक्षित**

श्रीकंचनपथ न्यूज

सूरजपुर। सक्षम सूरजपुर अभियान अंतर्गत जिला प्रशासन सूरजपुर ने एक अभिनव पहल करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी व कंप्यूटर साक्षरता दर बढ़ाने हेतु डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन (डिजिटल बस) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 20 कंप्युटर से लैस यह डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन ( डिजिटल बस) की ख़ासियत यह रहेगी कि ये लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें कंप्यूटर और डिजिटल माध्यम से संबंधित बुनियादी शिक्षा से परिचित करवायेगी। जिससे जुड़ कर अभ्यर्थी व आमजन डिजिटल क्रांति का हिस्सा बनेंगे।



डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन एन.आई.आई.टी.फाउंडेशन द्वारा संचालित तथा इंडस टावर द्वारा वित्त पोषित है। इसके सदस्यों द्वारा आज कोर्स के लिये पंजीकृत बच्चों की उपस्थिति में जिला संयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में डिजिटल ट्रांसफ ॉर्मेशन वेन व कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास ने आज के समय को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का युग बताते हुए उपस्थित बच्चों को समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए प्रेरित किया।

इसके साथ ही उन्होने उपस्थित जनों और मीडिया साथियों के माध्यम से जिलेवासियों को डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन से जुड़ने की अपील की ताकि गांव-गांव तक जाने वाली इस डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन से जुड़कर ज्यादा से ज्यादा लोग लाभांवित हो सकें और सूचना प्रौद्योगिकी, कम्पयूटर व डिजिटल शिक्षा का हिस्सा बन सकें।


पीएम-दिशा (प्रधानमंत्री डिजिटल साक्षरता अभियान) से प्रेरणा लेकर जिला सूरजपुर में सक्षम सूरजपुर अभियान अंतर्गत डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन (डिजिटल बस) के माध्यम से दूरस्थ ग्राम अंचलों में 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को डिजिटल साक्षरता प्रदान किया जायेगा। जिसमें युवा से लेकर अन्य आयु वर्ग के लोगों का पंजीयन कर उन्हें डिजिटल साक्षरता, बेसिक आईटी शिक्षा और साइबर सिक्योरिटी में सर्टिफिकेट कोर्स कराए जाएंगें। इसके साथ ही कोर्स को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार छ.ग. राज्य अंतर्गत जिला सूरजपुर प्रथम जिला है जहां डिजिटल बस चलेगी, जो की पूर्ण रूप से निःशुल्क होगी। उन्होंने आगे बताया कि डिजिटल बस में 20 कम्प्यूटर सिस्टम लगे हुए है। जिससे एक ही समय में 20 अभ्यर्थियों को एक साथ डिजिटल शिक्षा का लाभ दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सूरजपुर जिले के अतंर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रतिमाह 07 से 08 स्थानों को चिन्हित कर डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन के माध्यम से लगभग 150 से 160 अभ्यर्थियों को डिजिटल साक्षरता से जोड़ने का प्रयास संस्था द्वारा किया जायेगा। यह डिजिटल बस पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए सोमवार से शुक्रवार तक चलेगी। इसके साथ ही शनिवार व रविवार के दिन सामूहिक साक्षरता के माध्यम से भी डिजिटल साक्षरता अभियान चलाया जाएगा। सूरजपुर जिले में 06 माह की अवधि तक डिजिटल बस अपनी सेवा देगी, जिसमें लगभग 1000 लोग डिजिटल साक्षरता अभियान से जुड़कर लाभान्वित होंगें।

शुरूआती रूट चार्ट अतंर्गत सूरजपुर जिले अतंर्गत में कोट, आमगांव, पटना, पस्ता, सोनपुर में डिजिटल बस चलेगी, जिसका दायरा समय अनुसार बढ़ता जायेगा। डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन द्वारा डिजिटल बैंकिंग से लेकर साईबर सिक्योरिटी की मिलेगी शिक्षा-सक्षम सूरजपुर अतंर्गत चलने वाली यह डिजिटल बस मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रवासियों को सूचना प्रौद्योगिकी या कम्प्यूटर से संबंधित तकनीकी ज्ञान से अवगत कराते हुए साक्षर बनाएगी।

# आया मानसून झूम के : रायपुर में गरजे बादल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। सूर्य की तपिश से राहत दिलाने छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री हो चुकी है। सामान्य तौर पर मानसून प्रदेश में 10 जून तक आता है। इस बार समय से पहले मानसून पहुंचा है। 8 जून को दक्षिण पश्चिम मानसून सुकमा के रास्ते प्रदेश में पहुंचा है। मानसून के आते ही बस्तर के कई इलाकों में बारिश शुरू हो गई है। राजधानी रायपुर में भी मानसून पहुंचने के संकेत मिल चुके हैं।



मौसम विभाग ने रविवार को प्रदेश के कुछ इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है। रायपुर की बात करें तो रविवार शाम तेज हवा और गरज-चमक के साथ रिमझिम फुहार पड़ी। ऐसे में लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। इस बार मानसून के समय से पहले पहुंचने पर प्रदेश में औसत से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है। मौसम विभाग ने रविवार को रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और बस्तर संभाग के जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। आने वाले 24 घंटे में प्रदेश के तापमान में बदलाव देखने को मिलेगा। रायपुर, बस्तर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग में आने वाले 2 दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### राजधानी रायपुर में गिरा तापमान

शनिवार को छत्तीसगढ़ के ज्यादातर जिलों में तापमान 40 से 42 डिग्री के बीच रहा। राजधानी रायपुर में दिन का तापमान 40.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री कम था। तो वहीं जगदलपुर में तापमान 34.2 , बिलासपुर में 41.6, अंबिकापुर में 40, दुर्ग में 40.02, और राजनांदगांव में 40 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया है। रविवार को को रायपुर में दिन के वक्त गर्मी रही, शाम होते-होते मौसम सुहाना हुआ और गर्मी से लोगों को राहत मिली, हल्की बौछारें भी पड़ सकती हैं।

# हितग्राही महिलाएं आधार और पैन कार्ड को बैंक खाता से जुड़वाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कई योजनाओं के लाभ नहीं मिलने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिले के सभी नागरिकों और हितग्राहियों को कहा कि वे सरकार के किसी भी योजना का लाभ लेने के लिए यदि बैंक खाता नही है तो सबसे पहले बैंक खाता खुलवाएं और आधार और पैन कार्ड का दस्तावेज बैंक खाता से जोडकर रखें।

ऐसी हितग्राही महिलाएं या व्यक्ति जिन्होंने किसी योजना के लाभ के लिए फॉर्म तो भर दिया है लेकिन उसके खाता में भुगतान नहीं हो रहा तो ऐसे व्यक्ति या महिलाएं अपने बैंक खाता से अपना आधार कार्ड और पैन कार्ड को जोड़ने का काम (केवायसी) करा लें। केवायसी कराने के बाद उनके बैंक खाता में लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

इसी प्रकार कई किसान अपने भूमि (लैंड सीडिंग) और आधार कार्ड का सीडिंग नही कराएं हैं वो भी दोनों आधार और लैंड सीडिंग करा लें ताकि संबंधित योजनाओ का लाभ मिल सके।

कलेक्टर ने कहा कि यदि किसी भी नागरिक का केवायसी अपडेट रहेगा तो बिना रुकावट के उसको मिलने वाला लाभ उसके बैंक खाता में ऑनलाइन भुगतान होगा।

# फिंगर प्रिंट सर्च स्लिप नाफिस सिस्टम से आरोपियों को पकड़ने में मिलेगा सहयोग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** एक जनवरी से से 7 जून तक 1622 आरोपियो एवं संदिग्धों का प्रिंगर प्रिंट ऑनलाईन डाटाबेस तैयार कर एनसीआरबी सर्वर में संग्रहण किया गया है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में निवासरत् अपराधिक तत्वों को तस्दीक कर ली गई फिंगर प्रिंट। गिरफ्तार संदेहियों एवं निगरानी बदमाशो के दोनो हाथों की आदर्श अंगुलि चिन्ह पर्णी का लिया गया फिंगर प्रिंट। पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर से आये फिंगर प्रिन्ट एक्ससपर्ट अधिकारी द्वारा दिया गया था प्रशिक्षण। आनलाईन फिंगर प्रिंट मिलान कर त्वरित आरोपी के बारे में मिलेगी जानकारी। फिंगर प्रिंट मिलान कर साक्ष्य के आधार पर आरोपियों को दिलाया जाएगा सजा। जिले के समस्त थाना/चौकी से आये लगभग 257 अधिकारी/कर्मचारी को प्रिंगर प्रिंट ऑनलाईन डाटाबेस तैयार करने का दिया गया है प्रशिक्षण। विवरण - अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने व सुरक्षा/शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में डी.सी.आर.बी. शाखा के अधिकारी एवं बदमाश, निगरानी बदमाश, संदेहीयों पर विशेष अभियान चलाकर चेक कर उनकी दैनिक गतिविधि की जानकारी लेकर उनके फिंगर प्रिंट लेने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके तारतम्य में दिनांक 01.01.2024 से 07.06.2024 तक जिले भर में अभियान चलाकर कुल 1622 लोगों के दोनो हाथों की आदर्श अंगुलि चिन्ह पर्णी लेकर प्रिंगर प्रिंट ऑनलाईन डाटाबेस तैयार कर एनसीआरबी सर्वर में संग्रहण किया गया है।

# मंत्री देवांगन से पदाधिकारियों ने की मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ।** वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन से उनके दो दिवसीय नई दिल्ली के प्रवास के दौरान रविवार सुबह इंडियन चैम्बर ऑफकॉमर्स के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। मंत्री देवांगन ने छत्तीसगढ़ राज्य में अधिक से अधिक निवेश करने बनाई जा रही नई उद्योग नीति के संबंध में चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों को बताया।



उन्होंने कहा की प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन मे प्रमुख लक्ष्य है की बेहतर उद्योग नीति तैयार हो, ताकि देश और विदेशों के अलग अलग सेक्टर के छोटे-बड़े उद्योग प्रदेश में लग सके। जितने नए उद्योग स्थापित होंगे, उतने ही रोज़गार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। इसके लिए आप सभी उद्योगपतियों के सुझाव बहुत महत्वपूर्ण साबित होंगे। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ वन, कृषि और खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है। इससे संबंधित उद्योग और उसका व्यापार प्रदेश को विकास गति पर बड़ी तेजी से पंख प्रदान करेगी। विशेष कर ऐसे उत्पाद जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में मांग है, उन सेक्टर में नए उद्योग लगाने की आवश्यकता है।

मंत्री देवांगन ने कहा की सभी सेक्टर में नए उद्योगों के लिए सरकार द्वारा आवश्यक सहयोग की जाएगी। इस अवसर पर आईसीसी के जनरल सेक्रेटरी नितिन पंगोत्रा, कोऑर्डिनेटर अतुल आर दयाल, ऑटो पार्ट्स इंडस्ट्री के अमित गर्ग, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के इंटरप्रोन्योर राजेश धर शर्मा, कोरबा के प्रफुल्ल तिवारी, नरेन्द्र पाटनवार, मंत्री के विशेष सहायक भागवत जयसवाल भी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरी बार शपथ ली, छत्तीसगढ़ भाजपा के नेताओं ने मिठाइयां बांटकर मनाई खुशिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी और उसके घटक दल के गठबंधन एनडीए के नेता नरेंद्र मोदी ने रविवार को तीसरी बार भारतीय प्रजातंत्र के प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के समक्ष शपथ ग्रहण की। उनके साथ मंत्रिमंडल ने भी शपथ ग्रहण की, जिसे लेकर भाजपा में उत्साह का माहौल है।



रायपुर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा इस ऐतिहासिक पल पर उत्सव मनाया गया। राजधानी के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक पर आतिशबाजी की गई और मिठाई वितरण कर जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर राजधानी रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शपथ ग्रहण के दौरान भाजपा के कमल निशान वाला झंडा लेकर जयस्तंभ चौक पहुंचे, जहां जमकर आतिशबाजी की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नियत समय 7:15 पर शपथ ग्रहण की। छत्तीसगढ़ से बिलासपुर सांसद तोखन साहू को भी मोदी के मंत्रिमंडल में स्थान दिया गया। भाजपा ने इस क्षण को भारतीय इतिहास में एक ऐतिहासिक पल के रूप में दर्ज किया, क्योंकि नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार निर्वाचित होकर प्रधानमंत्री बनने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं जिन्होंने लोकतंत्र की परिभाषा के अनुरूप जनता का जनता के लिए जनता के द्वारा चुने गए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं के संग उत्साह मनाने रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा भी उपस्थित थे। उन्होंने इस अवसर पर कहा, नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेकर एक नया इतिहास रचा है। यह ऐतिहासिक जीत जन हितकारी योजनाओं की है, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास मूल मंत्र की है। यह जीत गांव, गरीब, किसान की है और हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित भारत बनाने में अपना पूर्ण योगदान देंगे। आज बहुत ही खुशी का दिन है और हम सभी कार्यकर्ता इस खुशी को जनता के साथ मनाने यहां जयस्तंभ चौक पर एकत्रित हुए हैं। हम रायपुर लोकसभा की जनता को भी आज इस ऐतिहासिक दिवस की हार्दिक बधाई देते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार शपथ ग्रहण करने के उपलक्ष्य में आयोजित आतिशबाजी और मिठाई वितरण कार्यक्रम में सच्चिदानंद उपासने, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, अकबर अली, खेम कुमार सेन, मृत्युंजय दुबे, विश्वदीनी पांडे, संतोष साहू, ओम प्रकाश साहू, रमेश शर्मा, अर्पित सूर्यवंशी, प्रणाय साहू आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### रायपुर रेल मंडल में चलाया जा रहा समपार फाटक जागरूकता अभियान

**रायपुर ( ए. )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा समपार फाटक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 8 जून को संरक्षा अधिकारियों, संरक्षा सलाहकारों और सिविल डिफेंस वोलंटियरों ने दुर्ग, भिलाई पावर हाउस, अभनपुर, केंद्री, निपनिया, गुंडरदेही, हथबंद और तिल्दा सहित 8 स्टेशनों और विभिन्न समपार फाटकों जैसे केंद्री गेट, निपनिया, खपरी, सिकोसा, जुनवानी गेट, हथबंद यार्ड और तिल्दा यार्ड में लोगों को जागरूक किया।

अभियान के दौरान, निपनिया, तिल्दा और हथबंद बाजार और रायपुर-बिलासपुर मेमु ट्रेन में जाकर लोगों को पंपलेट वितरित किए गए, स्टीकर चिपकाए गए और बैनर लगाए गए। साथ ही, समपार फाटक को सही तरीके से पार करने और इससे संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। सुपरवाइजर और 30 संरक्षा सलाहकारों एवं सिविल डिफेंस वोलंटियरों द्वारा 772 पंपलेट वितरित किए गए और कुल लगभग 1580 लोगों की काउंसलिंग की गई। इस अवसर पर, रायपुर मंडल के दुर्ग और भिलाई पावर हाउस में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इसके अलावा, विभिन्न स्टेशनों में ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य जनता को समपार फाटकों के सुरक्षित उपयोग के प्रति सचेत करना और रेलवे दुर्घटनाओं को रोकना है। रेलवे अधिकारियों ने इस अभियान में जनता के उत्साहपूर्वक सहभागिता की सराहना की और आशा व्यक्त की कि इस तरह के अभियानों से दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

### मुख्यमंत्री ने बिरसा मुण्डा की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर ( ए. )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आदिवासियों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महान क्रांतिकारी जननायक बिरसा मुण्डा को उनकी पुण्यतिथि 9 जून के अवसर पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने श्री मुण्डा को नमन करते हुए कहा कि श्री मुण्डा आदिवासी चेतना के प्रणेताओं में से एक थे। उन्होंने आदिवासियों को एकत्र कर जल, जंगल और जमीन पर अधिकारों के लिए आंदोलन चलाया। उनके शौर्य और बलिदान की गाथा आज भी करोड़ों लोगों को प्रेरित करती है।

पुराना बस स्टैंड पंडरी, परिवहन कार्यालय रायपुर में करा सकते हैं जांच

# स्कूली बसों की जांच में 86 बसें अनफिट, 15 जून को पुनः लगेगा शिविर

**रायपुर।** आगामी दिनों में जल्द स्कूलों में कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। बच्चों का स्कूलों में बसों के माध्यम से आना-जाना शुरू हो जाएगा। ऐसे में स्कूली बसों का फिटनेस दूरूस्त रहें जिससे दुर्घटना से बचाव हो, इसके लिए परिवहन आयुक्त, अपर परिवहन आयुक्त के निर्देश पर और वरिष्ठ क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री आशीष देवांगन के मार्गदर्शन में पुराना बस स्टैण्ड पंडरी में जांच शिविर लगाई गई। यह शिविर 18 मई, 25 मई, 29 मई और 1 जून को लगाई गई। शिविर में 516 बसें जांच के लिए आई जिसमें 86 बसों में खामियां पाई गई। जिसके लिए संबंधित संस्था प्रबंधकों को जल्द कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए।



श्री देवांगन ने बताया कि इन स्कूली बसों में सभी वाहनों के दस्तावेजों, माननीय उच्च न्यायालय द्वारा स्कूल बसों के लिए दिये गये दिशा-निर्देशों के पालन तथा मैकनिकल जांच किया गया। साथ ही जिला अस्पताल रायपुर के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा वाहन जांच शिविर में चालक एवं परिचालकों का निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें रक्तचाप, मधुमेह, दृष्टि क्षमता, मोतियाबिंद आदि की भी जांच की गई। उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह वाले चालकों को लगातार मेडिसीन का उपयोग करने की सलाह दी गई।

शिविर में बसों की बारिकी से जांच की गई। यह देखा गया कि हैण्ड ब्रेक सही ढंग से लग रही है या नहीं, क्लच एक्सीलेटर सही काम कर रहें है या नहीं। ब्रेक लाईट, हेड लाईट, पार्किंग लाईट की भी जांच की गई। इसके अलावा स्टेयरिंग, हार्न, सीट, रिफ्लेक्टर भी जांचे गये। साथ ही वाहन के आर.सी.बुक, मोटरयान कर, वाहन के परमिट, फिटनेस प्रमाण पत्र, वाहन के बीमा प्रमाण पत्र, वाहन का प्रदूषण प्रमाण पत्र, चालक का अनुज्ञा पत्र, जैसे दस्तावेज जांचे गये एवं स्पीड गवर्नर का परीक्षण किया गया।

### अनुपस्थित बसें को 15 जून को उपस्थित होने का दिया गया निर्देश-

श्री देवांगन ने बताया कि जांच शिविर में उपस्थित नहीं होने वाले वाहनों के लिए 15 जून, शनिवार को जांच शिविर आयोजित की गई है। श्री देवांगन ने बताया कि इस दिन उपस्थित नहीं होने वाले बसों की जांच रोड पर की जाएगी। वाहनों में खामी पाये जाने पर स्कूल-कॉलेज बस के चालक एवं मालिक तथा स्कूल-कॉलेज प्रबंधक के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। रोड पर जांच होने से विद्यार्थियों को असुविधा हो सकती है इसको ध्यान में रखते हुए स्कूल-कॉलेज प्रबंधक 15 जून को वाहन जांच शिविर में आवश्यक रूप से उपस्थित हो।

# बंद नहीं होंगीं छत्तीसगढ़-ओडिशा के बीच बसें

छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ और ओडिशा के बस आपरेटरों के बीच हुआ समझौता

**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ और ओडिशा के बस आपरेटरों में पिछले तीन-चार महीने से चल रहे विवाद का शनिवार को दोपहर समझौते के साथ पटाक्षेप हो गया है। छत्तीसगढ़ के बस आपरेटरों ने ऐलान कर दिया था कि अगर 8 जून को रायपुर में होने वाली बैठक में ओडिशा के बस आपरेटर्स का रुख सकारात्म नहीं रहा तो फिर 11 जून से छत्तीसगढ़ के आपरेटर पूरी सीमा पर तैनात हो जाएंगे और ओडिशा से आने वाली किसी भी बस को यहां घुसने नहीं दिया जाएगा। इस चेतावनी से दोनों राज्यों के बीच रोजाना 10 हजार से ज्यादा यात्रियों के लिए परेशानी हो सकती थी, जो टल गई है।




छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सैय्यद अनवर अली ने बताया कि शनिवार को दोनों राज्यों के बस आपरेटर्स की बैठक राजधानी के एक होटल में लगभग दो घंटे चलकर दोपहर 2 बजे खत्म हुई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के अध्यक्ष प्रमोद दुबे और विधिक सलाहकार शिवेश सिंह भी उपस्थित थे। अलग-अलग मुद्दों पर दो घंटे चले मंथन के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया। यह तय किया गया कि शासन से जिस भी तरह का परमिट जारी किया जाएगा, बसें उसी के अनुरूप चलने दी जाएंगी और बस आपरेटर इसमें किसी भी तरह का व्यवधान पैदा नहीं करेंगे। लिखित समझौते के बाद छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के पदाधिकारियों ने ओड़िशा से आए बस आपरेटरों तथा वहां के संघ पदाधिकारियों का सम्मान भी किया।

### शिकायत पर कार्रवाई होगी : परिवहन विभाग

इस समझौते की सूचना के बाद छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि दोनों राज्यों के आपरेटरों के बीच विवाद का स्थायी हल निकाला जा रहा है, लेकिन राज्य का परिवहन विभाग यहां के आपरेटरों के साथ है। समझौता हो गया तो यह अच्छी बात है, लेकिन अगर भविष्य में बसों के खिलाफ शिकायतें आएंगी तो परिवहन विभाग नियमानुसार कार्रवाई जारी रखेगा।

दोनों राज्यों से छत्तीसगढ़ और ओडिशा के आपरेटरों को बसों को परमिट जारी किए गए हैं। इन परमिट के आधार पर ओडिशा की बसें यहां बेरोकटोक आना-जाना कर रही थीं, लेकिन यहां की बसों को ओडिशा में रोका जा रहा था। इससे विवाद इतना गहरा गया था कि आपरेटरों ने वहां की बसों को रोकने की चेतावनी दे दी थी, परिवहन विभाग ने भी चालान शुरू कर दिए थे।

# शहर की स्लम बस्तियों में जन स्वास्थ्य जागरूकता के लिए लगेंगे शिविर



**रायपुर ( ए. )।** स्थानीय संकल्प हॉस्पिटल के चिकित्सकगण डॉ. आकांषा यादव एवं अन्य चिकित्सक चिकित्सकीय टीम के साथ राजधानी शहर रायपुर की स्लम बस्तियों में जाकर जनस्वास्थ्य जागरूकता हेतु स्वास्थ्य षिविर लगायेंगे एवं नागरिको को मानसून के दौरान स्वस्थ रहने परीक्षण करने सहित आवष्यक चिकित्सकीय परामर्ष देंगे। चिकित्सकगण आमजनों को बतलायेंगे कि किस तरह जलजनित बीमारियों से सुरक्षित रहकर स्वस्थ रहा जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि संकल्प हॉस्पिटल ने रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा की जनहितकारी पहल पर शहर की स्लम बस्तियों में जाकर आमजनों को जनस्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने स्वास्थ्य षिविर लगाने का निर्णय लिया है। आज संकल्प हॉस्पिटल के डॉ. यादव एवं डॉ. आकांषा यादव ने नगर निगम जोन 6 कार्यालय पहुंचे निगम आयुक्त श्री अबिनाष मिश्रा को इसकी जानकारी दी तो उनके स्लम बस्तियों में जनस्वास्थ्य जागरूकता हेतु स्वास्थ्य षिविर लगाये जाने की पहल को लेकर निगम आयुक्त ने चिकित्सकगणों की सराहना की । उन्होने कहा कि इससे स्लम बस्तियों में लोगो को सहज तरीके से मानसून के दौरान जल जनित रोगो से सुरक्षित रहने आवष्यक चिकित्सकीय परामर्ष मिल जायेगा, जो समाज हितकारी होगा।

# विधायक को अपने बीच देखकर खुश हुए रहवासी

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर उत्तर के विधायक पुरन्दर मिश्रा ने आपके विधायक आपके द्वार के तहत 3 दिवस मौदहापारा अब्दुल हमीद वार्ड सुभाष नगर उत्कल बस्ती सहित कई जगहों का भ्रमण किया जहां डोर टू डोर जाकर लोगों की समस्या से रूबरू होते हुए समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बधित विभाग व अधिकारियों को निर्देशित किया साथ ही किये गए कार्यवाही से अवगत कराने निर्देशित किया।



यहां यह बता दे की इस अभियान का स्थानीय लोगों द्वारा भी काफी सराहाना किया जा रहा है, लोग अपने विधायक को अपने बिच पाकर काफी उत्साहित नजर आ रहें है साथ अपनी समस्याओं को विधायक के समक्ष रख कर त्वरित की कार्यवाही के लिए विधायक श्री मिश्रा का जोरदार स्वागत व अभिनंद कर रहें है। बड़े बुजुर्ग विधायक के इस अनोखी पहल के लिए विधायक को खुब आशीर्वाद दे रहें है। इस अवसर पर विधायक मिश्रा ने लोगों से मिल कर कहा कि समस्या कोई भी हो उसकी तत्काल निकारण व समाधान के लिए मै प्रतिपल आपके साथ खड़ा रहूँगा। उक्त जन संपर्क अभियान में विधायक पुरन्दर मिश्रा के साथ संतोष साहू, युनुस कुरैशी,भाजयुमो प्रदेस कार्यसमिति सदस्य पीयूष मिश्रा,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष आशीष अरोरा, भाजयुमो जिला महामंत्री अर्पित सूर्यवंशी, सहित वार्ड वासी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

### गोद लिए गए बच्चे का गोद लेने वाले की संपत्ति में अधिकार होगा : अकबर

**रायपुर (ए.)।** विधायक पंडरिया द्वारा कुकदुर हादसे के सभी मृतकों के सभी 24 बच्चों को गोद लेने की घोषणा की गई है। पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने कानूनी प्रावधानो की जानकारी देते हुए बताया है कि देश में दूसरों की संतानों को गोद लेने के लिए 'हिन्दु दत्तक ग्रहण और भरण- पोषण अधिनियम 1959' लागू है। इस अधिनियम के प्रावधानो के अनुसार गोद लेने हेतु अनेक शर्तो की पूर्ति होना आवश्यक है। इनमें से प्रमुख है बच्चे और गोद लेने की आयु में कम से कम 21 वर्ष का अन्तर होना चहिए। यदि बच्चा पुत्री है तो गोद लेने वाले की स्वयं की कोई पुत्री नहीं होनी चाहिए। यदि गोद लेने वाले का स्वयं का पुत्र है तो पुत्र को गोद नहीं लिया जा सकता। ऐसे बच्चे को गोद नहीं लिया जा सकता जिसकी आयु 15 वर्ष से अधिक हो।

जंगल सफारी के इंटर्नशिप कार्यक्रमः विद्यार्थियों ने जंगल सफारी क्षेत्र के गांवो का किया

# विद्यार्थियों ने सीखे वन-वन्यजीव संरक्षण संवर्धन के तौर-तरीके

रायपुर (ए.)। जंगल सफारी, नया रायपुर में गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान के छात्रों के 15 दिवसीय इंटर्नशिप प्रोग्राम (25 मई - 8 जून) का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को जंगल सफारी के विभिन्न नियोजनात्मक पहलुओं से परिचित कराना और उन्हें वन और वन्यजीव संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक बनाना था।



समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथी के रुप में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के श्री. पुरुषोत्तम सिंह ठाकुर ने छात्रों को भविष्य की सफल योजनाओं के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, किसी भी विषयवस्तु को सीखने की जिज्ञासा, चाह और उसके लिये की गई मेहनत ही आपको सफलता की ओर ले जाती है. इसके लिये आत्मविश्वास और कष्ट जरुरी है, यही आपको आपकी मंजिल तक पहुंचाएगा। जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर ने छात्रों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संवर्धन, वन्यजीव संरक्षण, रिसर्च और कंजर्वेशन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा यह अनुभव छात्रों को पर्यावरण को देखने का नया दृष्टिकोन तो देगा साथ ही वन्यजीव के प्रति सहानुभूति की भावना को भी बढाएगा. इस तरह के इंटर्नशिप, वालंटिअर इत्यादी कार्यक्रम, जंगल सफारी के बेहतर प्रबंधन में भी सहायक होते हैं, जिससे सफारी प्रबंधन और आगंतुकों के बेहतर अनुभव के लिए नई दिशा प्राप्त होती है। साथ ही युवा पीढ़ी को वन संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण के महत्व के बारे में जागरूक करने में भी मददगार साबित होते है। जंगल सफारी के पशु चिकित्सालय के डॉ. राकेश वर्मा ने छात्रों को मार्गदर्शन करते हुए जीवन में अनुशासन के साथ समय की सूचकता के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रमणि साहु, बीएफओ, जंगल सफारी द्वारा किया गया।

15 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान, छात्रों को जंगल सफारी प्रबंधन, वन्यजीव पुनर्वास, पर्यावरण संरक्षण, इको-टूरिज्म, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम और नागरिकों में संरक्षण के प्रति जागरूकता निर्माण जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सत्र के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन किया गया। सीनियर प्रोग्राम मॅनेजर डॉ. मंजीत कौर बल ने छात्रों को नागरिक विज्ञान से संबंधित बारिकियां, जरुरत और महत्व को समझाया। छात्रों ने डॉ. बल के मार्गदर्शन में जंगल सफारी के आसपास के गावों में अभ्यास दौरा किया और नागरिकों से विविध मुद्दों पर चर्चा कर व्यक्तिनिष्ठ तथा वस्तूनिष्ठ सर्वे द्वारा जानकारी प्राप्त की।

# रायपुर शहर में इन जगहों पर बनेगा वेंडिग जोन

**रायपुर ( ए. )।** नगर पालिक निगम, रायपुर की सीमा क्षेत्रांतर्गत स्ट्रीट वेंडिंग के कार्य से होने वाले ट्रैफिक अव्यवस्था को निराकृत किये जाने एवं स्ट्रीट वेंडरों के व्यवस्थापन किये जाने हेतु प्रथम चरण में 06 स्थलो जब्बार नाला के पास पॉम बलाजियों के सामने खम्हारडीह में, पुजारी पार्क के पास टिकरापारा में, कारीतालाब के पास आमापारा, आमानाका फ्लाई ओव्हर के नीचे स्थित शासकीय भूमि में, बूढ़ातालाब के पास एवं पंडरी में महालक्ष्मी कपडा मार्केट के पीछे की भूमि को वेंडिग जोन के रूप में विकसित किये जाने हेतु चिन्हित किया गया है। उक्त स्थलों में से जब्बार नाला के पास पॉम बलाजियों के सामने खम्हारडीह में, पुजारी पार्क के पास टिकरापारा में, एवं आमानाका फ्लाई ओव्हर के नीचे स्थित शासकीय भूमि में, वेंडिग जोन बनाये जाने हेतु टाउन वेंडिग कमेंटी द्वारा स्वीकृति दे दी गयी है। जिसकी निविदा पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों के माध्यम से रेवन्यू शेयरिंग मॉडल की तर्ज पर मॉडल वेंडिग जोन बनाये जाने और संचालन-संधारण किये जाने के कार्य हेतु जारी की जा चुकी हैं। शेष स्थल कारीतालाब के पास आमापारा, बूढ़ातालाब के पास (धरना स्थल) एवं पंडरी में महालक्ष्मी कपडा मार्केट के पीछे की भूमि में टाउन वेंडिग कमेंटी के अनुमोदन की कार्यवाही की जा रही है। स्वीकृति प्राप्त होने उपरांत शेष स्थलों के लिए भी निविदा की कार्यवाही की जावेगी।


लक्ष्मी जनरल एण्ड फैन्सी स्टोर्स
शहनाज, लोटस, हिमालया, Nature, Biotique, Bio Care
अरोमा, Good Vibes, Wow
ऑल ब्यूटी कॉस्मेटिक के थोक एवं चिल्हर विक्रेता
विशेष :- ब्यूटी पार्लर के सभी तरह की मशीने उपलब्ध है
Ajay Malghany 7389440364
Ramesh Maighany 9302457395
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

J.K. TRADERS
Mohit Ahuja:- 97550 01136 98939 77337
PLASTO प्लास्टो है तो गॅरन्टी है।
Nandini Road, Power House, Distt.-Durg, Bhilai (CG)

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटरप्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# फेशियल कपिंग है त्वचा की देखभाल का नया ट्रेंड, जानिए इससे जुड़ी जरूरी बातें

**बढ़ती उम्र के साथ हमारे चेहरे पर झुर्रियां और झाइयां होने लगती हैं। इनके कारण चेहरा उम्रदराज दिखाई देता है और आत्मविश्वास पर असर पड़ता है।ऐसे में महिलायें इन त्वचा संबंधी परेशानियों को दूर करने के लिए कई तरह के ट्रीटमेंट लेती हैं, जिनमें से एक है फेशियल कपिंग। इसके जरिए त्वचा की देखभाल करके आप अपनी त्वचा को दोबारा युवा और चमकदार बना सकती हैं।आइए जानते हैं फेशियल कपिंग क्या है और इसे कैसे किया जाता है।**

### क्या होती है फेशियल कपिंग?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं कि फेशियल कपिंग, कपिंग का एक हल्का रूप होता है। इसमें छोटे रबड़ के कप के माध्यम से त्वचा को धीरे से ऊपर उठाया जाता है।इसमें कप के जरिए त्वचा पर कम तीव्रता वाला सक्शन पैदा किया जाता है। इससे ऊतकों में खिंचाव होता है और उस क्षेत्र में रक्त का प्रवाह बढ़ जाता है।चेहरे की कपिंग से रक्त परिसंचरण को बढ़ावा मिलता है और कई त्वचा स्थितियों का इलाज होता है।

### फेशियल कपिंग बनाम शरीर की कपिंग

चेहरे और शरीर की कपिंग दोनों एक समान होती हैं, फिर भी इन दोनों को अलग-अलग तरीकों से किया जाता है।फेशियल कप छोटे और मुलायम होते हैं, जो धीरे से त्वचा को फेसिआ (जोड़ने वाले ऊतक) की गहरी परतों से दूर खींचते हैं। दूसरी ओर शरीर की कपिंग का उपयोग मुख्य रूप से शरीर के दर्द से राहत पाने के लिए किया जाता है।इस कपिंग के लिए कप कांच, बांस या मिट्टी से बनाए जाते हैं।

### ऐसे की जाती है फेशियल कपिंग

इस प्रक्रिया में चेहरे पर धीरे-धीरे सक्शन कप को रखा जाता है, जिसके जरिए त्वचा में खिंचाव पैदा होता है। यह आसपास के ऊतकों को ताजे खून से संतृप्त करता है और नई रक्त वाहिका के निर्माण को बढ़ावा देता है।वैक्यूम जैसा सक्शन ऊतकों की विभिन्न परतों को अलग करता है। यह एक सूजन प्रतिक्रिया को ट्रिगर करता है, जिससे कप वाले क्षेत्र में सफेद रक्त कोशिकाएं और प्लेटलेट्स भर जाती हैं।

### फेशियल कपिंग से मिलते हैं ये लाभ

फेशियल कपिंग के जरिए आप खून के प्रवाह और कोलेजन प्रोटीन के उत्पादन को बढ़ा सकती हैं। इस प्रक्रिया के जरिए आप त्वचा को निखरा हुआ बनाकर मांसपेशियों के तनाव को आराम दे सकती हैं।इससे झुर्रियों, झाइयों और दाग-धब्बों के निशान गायब हो जाते हैं। फेशियल कपिंग करने से आपके चेहरे की सूजन भी कम होती है और तेल का उत्पादन भी संतुलित होता है।आप स्वस्थ रहने के लिए रेड लाइट थेरेपी का भी सहारा ले सकती हैं।

### सही तरह फेशियल कपिंग करने से नहीं पड़ेंगे निशान

कई लोग यह सोचकर इस प्रक्रिया को करवाने से डरते हैं कि इसके निशान चेहरे पर न रह जाएं। हालांकि, त्वचा विशेषज्ञों का कहना है कि अगर फेशियल कपिंग को सही तरह से किया जाए तो इसके निशान नहीं बनते।इसे सीरम या तेल के साथ करने की सलाह दी जाती है, जो घर्षण को कम करते हैं और चोट लगने से बचाते हैं। आप इसे गर्दन से शुरू करते हुए जबड़े, गाल और माथे तक कर सकते हैं।



# आमिर खान के बेटे की डेब्यू फिल्म का बजरंग दल ने किया विरोध




आमिर खान के बेटे जुनैद खान की डेब्यू फिल्म 'महाराज' रिलीज होने से पहले ही विवादों में पड़ गई है। इस फिल्म का 'विश्व हिंदू परिषद' की युवा शाखा बजरंग दल ने विरोध किया है। आमिर खान के बेटे जुनैद खान की पहली फिल्म 14 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। हालांकि, फिल्म की रिलीज से पहले ही विश्व हिंदू परिषद' की युवा शाखा बजरंग दल फिल्म से नाराज लग रही है।

### बजरंग दल ने लिखी चिट्ठी

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, बजरंग दल ने जुनैद खान की पहली 'महाराज' के प्रोड्यूसर्स, यश राज फिल्म्स और नेटफ्लिक्स को चिट्ठी लिखकर ये मांग की है कि फिल्म के ग्लोबल रिलीज से पहले उन्हें इस फिल्म की स्क्रीनिंग कराई जाए। बजरंग दल ने जो लेटर लिखा है उसमें ये बात कही गई है कि फिल्म के पोस्टर से ऐसा लग रहा है कि फिल्म में हिंदू धार्मिक नेताओं को नेगेटिव लाइट में दिखाया गया है। इसलिए बजरंग दल को लग रहा है कि यह फिल्म ऑडियंस के एक सेक्शन की भावनाओं को आहत कर सकती है। इससे कानून-व्यवस्था की स्थिति भी पैदा हो सकती है।

### बजरंग की मांग, रिलीज से पहले उन्हें दिखाई जाए फिल्म

बता दें, 3 जून को ये लेटर वीएचपी-बजरंग दल के कोंकण क्षेत्र के समन्वयक गौतम रावरिया द्वारा खुद नेटफ्लिक्स और वाईआरएफ को दिया गया था। इस लेटर के आखिर में गौरव रावरिया ने इस चीज पर जोर डाला है कि रिलीज से पहले वीएचपी को यह फिल्म दिखाई जाए ताकि इसके बाद वो निर्णय ले सकें कि आगे क्या करना है। गौतम रावरिया ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर नेटफ्लिक्स के एक अधिकारी को लेटर देते हुए वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो क्लिप में वो नेटफ्लिक्स अधिकारी से कहते नजर आ रहे हैं कि अगर फिल्म में कुछ भी आपत्तिजनक हुआ तो वीएचपी-बजरंग दल ये फिल्म रिलीज नहीं होने देगा।

### क्या है फिल्म की कहानी?

'महाराज लाइबल केस' पर आधारित इस फिल्म में जुनैद के सामने जयदीप विलेन के रोल में हैं। इस फिल्म में आमिर खान के बेटे जुनैद जर्नलिस्ट करसनदास मुलजी का रोल निभा रहे हैं। वहीं, जयदीप इस फिल्म में महाराज का किरदार निभा रहे हैं।



# ब्रोकेन बट ब्यूटीफुल सीजन 5 का एकता कपूर ने किया ऐलान, चौथा सीजन सिद्धार्थ शुक्ला को किया डेडिकेट

**पॉपुलर प्रोड्यूसर-डायरेक्टर एकता कपूर ने हाल ही में अपना 49वां बर्थडे मनाया है। बर्थडे के ठीक अगले दिन उन्होंने अपनी स्कसेसफुल वेब सीरीज ब्रोकेन बट ब्यूटीफुल के चौथे सीजन की अनाउंसमेंट कर दी है। एकता कपूर ने पिछले तीन सीजन की झलक दिखाई है और तीसरे सीजन के लीड एक्टर दिवंगत सिद्धार्थ शुक्ला को भी याद किया है। चौथा सीजन हटाकर सीधे पांचवे सीजन की अनाउंसमेंट हुई है।**

एकता कपूर ने ब्रोकेन बट ब्यूटीफुल को क्रिएट किया और इसमें उनका साथ कई डायरेक्टर्स ने दिया। एकता की कायमाब सीरीज में से एक ये भी है जिसके पिछले तीन सीजन काफी पसंद किए गए। चौथा सीजन नहीं आएगा, सीधे पांचवे सीजन की अनाउंसमेंट हुई, एकता ने इसका कारण भी बताया।

एकता कपूर ने तीन सीजन की झलक दिखाते हुए बताया है कि अब चौथा सीजन भी जरूर आएगा। एकता ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ये पोस्ट करना पड़ा, देर आए दुरुस्त आए। मेरे इस साल की शुरुआत प्यार के साथ।।।और एक प्रेम कहानी से होगी। जैसा कि मैं एक दूसरी कहानी लिख रही हूं तो मैंने सोचा चौथा सीजन क्यों नहीं। सिद्धार्थ शुक्ला के जाने के बाद उनकी याद में मैंने आगे के सीजन पर काम करना बंद किया लेकिन फिर सोचा कुछ प्रेम कहानियां कभी खत्म नहीं होती। अब एक और सीजन में एक नई प्रेम कहानी लिख रही हूं।

वीडियो में आप देख सकते हैं कि ब्रोकेन बट ब्यूटीफुल के पहले सीजन की झलक दिखाई गई जिसमें विक्रांत मैसी और हरलीन सेठी लीड रोल में नजर आए। इसके बाद सीजन 2 में भी विक्रांत और हरलीन ही रहे। इसके बाद सीजन 3 में सिद्धार्थ शुक्ला और सोनिया राठी लीड रोल में नजर आए। सीजन के अंत में विक्रांत और हरलीन का कैमियो दिखाया गया। अगर आपको इसके पिछले तीन सीजन देखने हैं तो जियो सिनेमा, एमएक्स प्लेयर और ऑल्ट टाइम बालाजी एप्लीकेशन पर देख सकते हैं।

जब ब्रोकेन बट ब्यूटीफुल सीजन 3 खत्म होता है तो सिद्धार्थ के साथ एक दूसरी लव स्टोरी के साथ दिखाते हैं। तभी इसका सीजन 4 अनाउंस हो गया था। सीजन 4 की कहानी भी सिद्धार्थ को ध्यान में रखकर बनाई गई थी लेकिन 2021 में सिद्धार्थ का निधन हो गया और उसपर काम करना बंद कर दिया गया। वीडियो में एकता कपूर ने कहा है कि सीजन 4 सिद्धार्थ को समर्पित रहेगा और अब पांचवे सीजन की कहानी लिखी जा रही है।

# सोनम कपूर को बर्थडे पर पति आनंद आहूजा से मिला इतना कीमती तोहफा, लंदन में यूं किया सेलिब्रेट

अभिनय से ज्यादा अपने स्टाइल स्टेटमेंट के लिए मशहूर सोनम कपूर आज 39 साल की हो गई हैं। शादी के बाद अभिनेत्री लाइमलाइट से दूर लंदन में अपने पति आनंद आहूजा के साथ बस गई हैं। अभिनेत्री ने वहीं अपना 39वां जन्मदिन मनाया है। सोनम कपूर ने साल 2018 में बिजनेसमैन आनंद आहूजा से शादी की थी। आनंद का लंदन में बिजनेस है। इसी वजह से अभिनेत्री भी अपने पति के साथ लंदन में बस गई हैं। वह खास मौकों पर भारत आती रहती हैं। भले ही वह देश से दूर हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर एक्टिव रहकर अपनी पर्सनल लाइफकी झलकियां दिखाती रहती हैं।

### सोनम कपूर ने ऐसे मनाया बर्थडे

आज सोनम कपूर ने अपना जन्मदिन मनाया और इस खास पल की झलकियां फैंस के साथ शेयर किया है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर अभिनेत्री ने अपने बर्थडे सेलिब्रेशन की प्यारी झलकियां दिखाई हैं। सोनम कपूर के जन्मदिन पर लाइव म्यूजिक था। एक वीडियो में देखा जा सकता है कि दो सिंगर्स गाने गा रहे हैं। एक फोटो में सोनम कपूर डिनर टेबल पर केक पर लगे कैंडल को बुझाती हुई नजर आ रही हैं।

### सोनम कपूर को पति से मिला ये तोहफा

सोनम कपूर के जन्मदिन पर पति आनंद आहूजा ने उन्हें एक खास तोहफा भी दिया है, जिसे पाकर एक्ट्रेस गदगद हो गईं। आनंद ने अपनी बीवी को रबींद्रनाथ टैगोर की लिखी किताब गीतांजलि गिफ्ट की है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर किताब की फोटो शेयर करते हुए लिखा, मेरे अमेजिंग पति से मिला बर्थडे गिफ्ट। टैगोर की लिखी फर्स्ट एडिशन गीतांजलि इंग्लिश में ट्रांसलेटेड है। धन्यवाद आनंद। मुझे नहीं पता कि मैं क्या करूं जो आप डिजर्व करते हैं।

# पौराणिक शो के कलाकारों को टाइपकास्ट होने का रिस्क नहीं : सुभा राजपूत

**टीवी शो शिव शक्ति- तप त्याग तांडव में एक्ट्रेस सुभा राजपूत देवी शक्ति का किरदार निभा रही हैं। मां पार्वती का रोल निभाकर वह लाखों दिलों पर राज कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पौराणिक शो में एक्टिंग करने वाले कलाकारों को टाइपकास्ट होने का खतरा नहीं रहता है।**



पौराणिक शो में काम करने वाले कलाकारों को अक्सर टाइपकास्ट होने के खतरे का सामना करना पड़ता है, इस बारे में सुभा ने कहा, नहीं, मुझे ऐसा नहीं लगता। यह सब अपने टैलेंट को दिखाने के बारे में है। मुझे खुशी है कि इस किरदार के साथ मुझे कई तरह की इमोशन्स दिखाने का मौका मिल रहा है। मुझे अपने रोल के लिए पहचान मिल रही है और यह देख खुशी मिलती है कि हमारे सभी प्रयासों की सराहना हो रही है।

शिव शक्ति- तप त्याग तांडव गणेश से जुड़े अपकमिंग ड्रामेटिक सीक्वेंस पर आधारित है। सुभा ने कहा कि अपकमिंग सीक्वेंस में कर्तव्य, गलतफहमी, क्षमा और दैवीय क्षेत्र में कार्यों के परिणामों को दिखाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, स्नान के दौरान अपनी मां पार्वती की रक्षा करते हुए गणेश ने महादेव को प्रवेश करने से मना कर दिया, जिसके बाद भयंकर युद्ध हुआ। गणेश की अवज्ञा से क्रोधित महादेव वहां से चले गए और बाद में नंदी और गणों के साथ वापस लौटे और युद्ध शुरू कर दिया। इसमें गणेश ने उनमें से कई को हरा दिया।

उन्होंने कहा, क्रोध में आकर महादेव ने गणेश का सिर काट दिया। बेटे का कटा सिर देख पार्वती को गुस्सा आता है और वह काली का रूप धारण कर लेती हैं और दुनिया को नष्ट करने की ठान लेती है। क्या उन्होंने मां की भूमिका निभाने की तैयारी की थी? इस सवाल का जवाब देते हुए सुभा ने कहा, हां, मैंने पहले भी शो में कार्तिकेय की मां के रूप में भूमिका निभाई है, इसलिए यह मेरे लिए बिल्कुल नया नहीं है। हालांकि, जब इस अपकमिंग सीक्वेंस की तैयारी करने की बात आती है, तो मैं अपनी मां से प्रेरणा लेती हूं।

उनकी ताकत और प्यार मुझे पार्वती की भावनाओं को दर्शाने में मदद करता है। उन्होंने बताया कि गणेश की भूमिका निभाने वाले रियांश डाभी के साथ काम करने से उनमें मां की भावना पैदा हुई। अपने किरदार के पसंदीदा शेड के बारे में पूछे जाने पर, सुभा ने कहा, इस किरदार के सभी शेड को निभाना अद्भुत रहा है, चाहे वह काली का रौद्र रूप हो, सती हो या पार्वती हो। प्रत्येक शेड के पीछे एक खास संदेश और कहानी है, और इस शो का हिस्सा होने से मुझे कई चीजें सीखने को मिली हैं। मेरा सच में मानना है कि सभी शेड कहानी का अहम हिस्सा होते हैं।

उदाहरण के लिए, काली का किरदार निभाने से मुझे स्क्रीन पर देवी के क्रोध और शक्ति को दिखाने का मौका मिला। इस बीच, पार्वती का किरदार निभाना मुझे मां का अनुभव करने का मौका देता है। शिव शक्ति- तप त्याग तांडव कलर्स पर प्रसारित होता है। बात करें अगर सुभा के करियर की तो, उन्होंने स्टार प्लस के हिट शो इश्कबाज में काम किया है और वह बेकाबू, दिल बोले ओबेरॉय जैसे शो में नजर आ चुकीं हैं। उन्होंने कई फेमस ब्रांड के लिए कमर्शियल भी किए हैं।



# क्या गर्मियों के दौरान रात को नहाना सुरक्षित है? जानिए 5 महत्वपूर्ण बातें

**कई लोगों का मानना है कि सोने से पहले रात में नहाने से उनके शरीर के तापमान को कम करने में मदद मिल सकती है, जिससे न सिर्फ गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है, बल्कि आरामदायक नींद भी मिलती है।वहीं कुछ लोग समझते हैं कि इससे संभावित स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।आइए आज हम आपको 5 ऐसी महत्वपूर्ण बातें बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आपको रात में नहाने से अधिकतम लाभ मिल सकते हैं।**

नहाने से पहले और बाद में जरूर पिएं पानी

नहाने से पहले और बाद में पानी पीने से दिन भर में हुई तरल पदार्थ की कमी की कुछ हद तक भरपाई हो सकती है। यह शरीर में जलयोजन के स्तर को बनाए रखने का एक आसान तरीका है।इसके अतिरिक्त अपने नहाने वाले पानी में एप्सम नमक मिलाएं, जिससे शरीर में मैग्नीशियम के स्तर को फिर से भरने में मदद मिल सकती है, जो पूरे दिन में पसीना आने के कारण खत्म हो जाती है।

### हल्के गर्म पानी का करें इस्तेमाल

बेशक गर्मियों में आप हल्के गर्म पानी से भी नहाना न पसंद करें, लेकिन अगर आप ऐसा करते हैं तो इससे मांसपेशियों को आराम मिल सकता है।अधिक लाभ के लिए अपने नहाने के पानी में लैवेंडर या कैमोमाइल तेल की कुछ बूंदें मिलाएं क्योंकि इनसे शरीर को कई फायदे मिल सकते हैं।इनसे शरीर यह भी संकेत दे सकता है कि अब सोने का समय हो गया है और फिर आपको बेहतर आराम मिलेगा।

### साबुन का चुनाव करते समय बरतें सावधानी

कई लोग नहाने के दौरान खुशबूदार और झागदार साबुन का इस्तेमाल करना ज्यादा पसंद करते हैं, लेकिन इस तरह के साबुन त्वचा को रूखा कर सकते हैं। इसलिए नहाने के लिए ऐसे साबुन का इस्तेमाल न करें।साथ ही जिस साबुन को नहाने के लिए इस्तेमाल करें उसे त्वचा पर बिल्कुल न रहने दें, क्योंकि उससे त्वचा पर मुहांसे या दाने हो सकते हैं।इन परेशानियों से बचने के लिए उच्चतम गुणवत्ता के साबुन या शावर जेल का चयन करें।

### त्वचा को स्क्रब करें

अगर आप रात को नहाते समय त्वचा को साफ करने के लिए बॉडी स्क्रबर का इस्तेमाल करते हैं तो यह पूरे दिन शरीर पर जमा हुई गंदगी को निकालने और बंद रोमछिद्रों को खोलने में सहायता कर सकता है।हालांकि, बॉडी स्क्रबर को तेजी से न रगड़ें क्योंकि इससे त्वचा पर जलन होने की संभावना बढ़ सकती है।लाभ के लिए स्क्रब से पहले शरीर को गीला करें, फिर हल्के हाथों से स्क्रबर लगाएं। इससे ब्लड सर्कुलेशन भी बढ़ेगा।

### मॉइस्चराइज करना भी है जरूरी

पानी या किसी भी उत्पाद के प्रतिकूल प्रभाव से त्वचा को सुरक्षित रखने के लिए रात को नहाने के बाद मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें।आप चाहें तो त्वचा को मॉइस्चराइज करने के लिए रसायन युक्त क्रीम और लोशन की बजाय देसी घी, जैतून का तेल और नारियल का तेल आदि का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये चीजे त्वचा को भरपूर नमी देने के साथ पोषित



# नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने राष्ट्रपति मुर्मू ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

## मोदी सरकार में राजनाथ, अमित शाह बने मंत्री, नड्डा की हुई वापसी

नईदिल्ली(एजेंसी)। लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बहुमत मिलने के बाद नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के पद की शपथ ले ली है।उनके साथ 71 और सांसदों को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है। इसी के साथ ही मोदी जवाहरलाल नेहरू के बाद तीसरी बार शपथ लेने वाले दूसरे प्रधानमंत्री बन गए हैं।

शपथ लेते ही मोदी ने अपने नाम कई बड़े रिकॉर्ड किए हैं। वे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले पहले गैर-कांग्रेसी नेता बन गए हैं।इसके अलावा वे स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के अलावा एकमात्र ऐसे व्यक्ति बन गए हैं, जिन्होंने अपने नेतृत्व में लगातार 3 लोकसभा चुनाव जीतकर सरकार बनाई है।वे आजादी के बाद से 3 बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले तीसरे व्यक्ति भी बन गए हैं।

मोदी तीसरे ऐसे नेता हैं, जिनकी सरकार ने 5-5 साल के लगातार 2 कार्यकाल पूरे किए हैं। इससे पहले नेहरू और डॉक्टर मनमोहन सिंह ने ये कारनामा किया है। ऐसा करने वाले मोदी पहले गैर-कांग्रेसी नेता भी हैं।1967 में इंदिरा गांधी ने 5 साल का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही मध्यावधि चुनाव करवा लिया था। बड़ा फर्क ये भी है कि मोदी ने अपने दोनों कार्यकाल में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई थी।



मोदी देश के राजनीतिक इतिहास में अकेले ऐसे व्यक्ति हैं, जो करीब 13 साल तक मुख्यमंत्री रहे और फिर सीधा प्रधानमंत्री चुने गए। लगातार 10 साल तक प्रधानमंत्री रहने के बाद अब वे अपना तीसरा कार्यकाल शुरू कर रहे हैं।करीब 23 साल से वे लगातार मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री जैसे शीर्ष पदों पर हैं।2001 से लेकर 2014 तक वे गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और 2014 से लेकर 2024 तक प्रधानमंत्री पद पर रहे। मोदी 7 अक्टूबर, 2001 को पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने और करीब 13 साल तक इस पद पर रहे। गुजरात की स्थापना के बाद से वे लगातार 4 बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले एकमात्र मुख्यमंत्री हैं।उनके नाम सबसे लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड है। उनके नेतृत्व में भाजपा ने गुजरात में लगातार 3 विधानसभा चुनाव भी जीते हैं। वे 23 वर्षों में अब तक 6 बार शपथ ले चुके हैं। प्रधानमंत्री के उपरांत उनकी कैबिनेट के सदस्यों ने मंत्री पद की शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में सहयोगी दलों, देश के विभिन्न क्षेत्रों व अनुभव को समुचित प्रतिनिधित्व दिया है।

प्रधानमंत्री के तुरंत बाद राजनाथ सिंह और फिर अमित शाह ने केंद्रीय मंत्री पद की शपथ ली। बीती सरकार में राजनाथ सिंह रक्षा और अमित शाह गृह मंत्री थे। अमित शाह के उपरांत नितिन गडकरी ने मंत्री पद की शपथ ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। नितिन गडकरी के उपरांत नड्डा ने केंद्रीय मंत्री पद की शपथ ली। बतौर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल इसी माह समाप्त हो रहा है। उनकी केंद्र सरकार में वापसी हुई है।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व इस बार विदिशा लोकसभा सीट से सांसद चुने गए शिवराज सिंह चौहान पहली बार मोदी सरकार का हिस्सा बने हैं। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के उपरांत शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय मंत्री पद की शपथ ली। शिवराज सिंह चौहान के बाद पिछली सरकार में वित्त मंत्री रही निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद डॉ. एस जयशंकर ने मंत्री पद की शपथ ली, पिछली सरकार ने वह विदेश मंत्री थे। फिलहाल राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण जारी है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक-एक करके मोदी सरकार के मंत्रियों को शपथ दिला रही हैं. शपथ ग्रहण समारोह में 7 देशों के नेता, अक्षय कुमार, शाहरुख रजनीकांत जैसे फिल्म स्टार तो दूसरी और श्रमिक व सफाई कर्मचारी भी इस खास कार्यक्रम के अतिथि थे। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर कई विदेशी मेहमान राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में मौजूद थे। इनमें नेपाल, बांग्लादेश और भूटान के प्रधानमंत्री व मालदीव के राष्ट्रपति शामिल थे। सेशेल्स के उप-राष्ट्रपति, अहमद अफीफ व मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ भी यहां पहुंचे।

## खास खबर

### कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट, पूर्वोत्तर में भी होगी झमाझम

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मानसून मुंबई में प्रवेश कर गया है और अब यह तेजी से उत्तर भारत की ओर बढ़ रहा है। मुंबई में कई हिस्सों में भारी बारिश देखने को मिल रही है। साथ ही महाराष्ट्र के कई जिलों में भी भारी से अति भारी बारिश जारी है। आगामी दिनों में मानसून उत्तरी राज्यों में भी प्रवेश कर जाएगा। हालांकि मौसम विभाग ने कुछ राज्यों में लू का अलर्ट जारी किया है। साथ ही गोवा, दक्षिण मध्य महाराष्ट्र और तटीय कर्नाटक और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक पर अगले दो दिन तक अत्यधिक भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तरी कोंकण और उत्तरी मध्य महाराष्ट्र में भारी से अति भारी बारिश की संभावना है। वहीं कोंकण, मध्य महाराष्ट्र, तटीय कर्नाटक और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक के साथ केरल में तीन से चार दिनों तक भारी बारिश का अनुमान है। इसके अलावा पूर्वोत्तर भारत में कुछ स्थानों पर बारिश हो रही है। अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में 12 और 13 जून को भारी से अति भारी बारिश की संभावना है। साथ ही त्रिपुरा और मिजोरम में भारी बारिश होगी। कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का भी अनुमान है। मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा, दक्षिणी उत्तर प्रदेश, दक्षिण बिहार, उत्तरी झारखंड में अगले पांच दिनों तक लू चलने की संभावना जताई है। वहीं यह हीट वेव कंडीशन 11 जून से पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में सीवियर हीट वेव कंडीशन में बदल सकती हैं। मौसम विभाग ने इन स्थानों पर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बिहार, उत्तरी झारखंड में सहित मध्यप्रदेश के बालाघाट, छिंदवाड़ा में भी लू चलने की संभावना जताई है।

### मोदी कैबिनेट के शपथ ग्रहण के बाद उत्साह में शेयर बाजार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नरेंद्र मोदी ने रविवार को तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। मोदी के साथ ही 71 मंत्रियों ने भी पद तथा गोपनीयता की शपथ ली। अब नई कैबिनेट की पहली बैठक सोमवार शाम को होगी। यह बैठक लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री के आवास पर होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, बैठक शाम पांच बजे हो सकती है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मोदी सरकार की नई कैबिनेट में शामिल लोगों के लिए रात्रिभोज का भी आयोजन किया है। शपथ ग्रहण के बाद पीएम मोदी सोमवार सुबह करीब 10.30 बजे पीएमओ पहुंचे। यहां अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। नरेंद्र मोदी कैबिनेट के शपथ ग्रहण के बाद सोमवार सुबह शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल देखा गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयर में सबसे ज्यादा तेजी रही। सुबह 09:21 बजे एनएसई निफ्टी 50 0.39त्न बढ़कर 23,382.05 पर था। वहीं बीएसई सेंसेक्स 233.11 अंक (0.30त्न) बढ़कर 76,926.47 पर था। एनएसई निफ्टी 50 23,411.90 की नई ऊंचाई पर पहुंच गया और सेंसेक्स 77,079.04 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मोदी कैबिनेट में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा भी आज ही किया जा सकता है। माना जा रहा है कि गृह के साथ ही वित्त, विदेश और रक्षा मंत्रालय भाजपा अपने पास रखेगी।

### कायस्थ समाज की नये अध्यक्ष की नियुक्ति

**राजनांदगांव।** कायस्थ समाज द्वारा आयोजित कहे अनुसार आज दिनांक 09.06.2024 को सुबह 10 बजे मुक्तिबोध स्मारक त्रिवेणी परिसर में 5 नग कदम नामक पौधा रोपा गया। यह कदम नामक वृक्ष कवि भूलन बाग की शान रहा करती थी। मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, देवेन्द्र मोहन लाला देबू, ऋषि श्रीवास्तव, नागेश श्रीवास्तव, क्षितिज मोहन श्रीवास्तव, भोला बख्शी, अजय श्रीवास्तव, कायस्थ समाज के पूर्व अध्यक्ष नरेश श्रीवास्तव, प्रिंस श्रीवास्तव, मनोज गोलछा, अविराज श्रीवास्तव, विजय तिवारी, लक्ष्मण यादव,धन्नू सोनी, गिरीश प्रभारी, प्रभात फेरी ब्राम्हणपारा से छोटु महाराज, नीरज शुक्ला, गोलू, बल्देव साहू, अधिवक्ता गजेन्द्र ठाकुर, सुरेश वाधवानी, हेमंत श्रीवास्तव गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कायस्थ समाज के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला देबू का एक वर्ष पूर्ण होने पर अपना पदमुक्त होने का पत्र (इस्तीफा) संरक्षक भोला बख्शी को सौंप दिया गया। जिसे स्वीकार कर लिया गया तथा सर्वसम्मति से डॉ. कृष्ण मोहन श्रीवास्तव को कायस्थ समाज के नये अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## नेपाल की धरती पर केतन सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय शास्त्रीय नृत्य में जीता अवार्ड

**कोरबा( एजेंसी )।** लर्निंग रीयलम इंटरनेशनल फाउंडेशन एजुकेशन ट्रस्ट व क्लासिक कलचर सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित क्लासिक इंटरनेशनल क्लासिकल डांस फेस्टिवल एंड अवार्ड सेरेमनी 2024 काठमांडू नेपाल में संपन्न हुआ।

भाजपा किसान मोर्चा कोरबा के जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा चुलेश्वर राठौर व श्रीमती माधुरी सिंह राठौर समाज सेविका व भाजपा नेत्री के सुपुत्र केतन सिंह राठौर को कथक नृत्य में उनके मनमोहक शानदार प्रदर्शन के लिए क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय युवा नर्तक सम्मान से नारायण काजी श्रेष्ठ उप-प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री नेपाल सरकार, महान श्यालपा रिनपोछे जी बौद्ध धर्म गुरु (तिब्बतन लामा), डॉ प्रो. नीता गहरवार कुलसचिव इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ भारत के द्वारा सम्मानित किया। केतन सिंह राठौर कोरबा जिले हरदी बाजार छिंदपुर के निवासी है तथा वर्तमान में बैचलर आफ परफॉर्मिंग आर्ट्स तृतीय वर्ष इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में अध्यनरत है। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर से बैचलर आफ टेक्नोलॉजी करने के पश्चात कथक नृत्य के क्षेत्र में अपना कदम रखा और निरंतर गांव व जिले का नाम रोशन कर रहा है। व छत्तीसगढ़ व अन्य प्रांत के साथ-साथ विदेश में भी विभिन्न आयोजनों में अपना नित्य प्रदर्शन किया है। नेपाल के धरती पर इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में विशेष रूप से शिवराज पंत फाउंडर एंड चेयरमैनएल.आर.आई. एजुकेशन ट्रस्ट काठमांडू नेपाल,भारत आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जल स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में मिशन जल रक्षा अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मिशन जल रक्षा अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम घोटिया में जल स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में किसानों को धान के बदले अन्य फसलों का आर्थिक मात्रात्मक, बाजार मूल्य के तुलनात्मक विवरण को प्रदर्शित किया गया तथा कम जल की आवश्यकता तथा अधिक पैदावार देने वाली मक्का, अरहर, कपास जैसे फसलों के लाभ के संबंध में जानकारी दी गई। वीडियो के





माध्यम से कृषकों को जानकारी दी गई। इस दौरान धान के बदले कम पानी में उपयोग वाली अन्य फसल सोयाबीन, उड़द, मूंग, रागी, कोदो, लेने वाले किसानों का सम्मान किया गया तथा किसानों ने इस संबंध में अन्य कृषकों से अपने अनुभव साझा किए। धान के बदले अन्य फसल लेने हेतु तैयार किसानों को बीज का वितरण किया गया।

वर्ष 2023-24 अंतर्गत खरीफ फसलों का प्रति एकड़ उत्पादन एवं अनुमानित लागत के बारे में चार्ट के माध्यम से विडियो के माध्यम से जानकारी दी गई। खरीफ फसलों का प्रति एकड़ अनुमानित सकल आय एवं शुद्ध आय का विवरण कृषकों को सांख्यिकी एवं विडियो के माध्यम से बताया गया। खरीफ फसलों का प्रति एकड़ शुद्ध आय का विवरण सांख्यिकी के माध्यम से कृषकों को बताया गया। खरीफ में प्रति एकड़ फसलों का कास्त लागत तथा उत्पादन के आधार पर सकल एवं शुद्ध आय का विवरण धान से तुलना कर बताया गया। जैसे की तुलनात्मक अध्ययन में धान सिंचित प्रति एकड़ औसत उत्पादन 19.20 क्विंटल विक्रय मूल्य प्रति क्विंटल 3100, सकल आय 59250 उत्पादन लागत 24000 रूपए शुद्ध आय 35520 कृषक को मिलता है। धान असिंचित प्रति एकड़ औसत उत्पादन 14.80 क्विंटल, विक्रय मूल्य प्रति क्विंटल 3100, सकल आय 45880 उत्पादन लागत 18000 रूपए शुद्ध आय रुपए 278800 कृषक को मिलता है। जबकि मक्का प्रति एकड़ औसत उत्पादन 28 क्विंटल, विक्रय मूल्य प्रति क्विंटल 2090, सकल आय 58520 उत्पादन लागत 18398 रूपए शुद्ध आय रुपए 40121 कृषक को मिलता है।

## एलन मस्क ने पीएम मोदी को दी जीत की बधाई कहा- भारत में काम करने को इच्छुक

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नरेंद्र मोदी 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। वे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। वहीं उनके प्रधानमंत्री पद के दावेदार होने के बाद से ही अन्य देशों के नेता और प्रतिष्ठित व्यक्तियों की बधाई का सिलसिला शुरू हो गया है। अमेरिकी टेक अरबपति एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनकी जीत पर बधाई दी।



एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनकी जीत पर बधाई दी। 52 वर्षीय मस्क ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट में कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों में आपकी जीत के लिए नरेंद्र मोदी आपको बधाई। मैं भारत में अपनी कंपनियों द्वारा रोमांचक काम किए जाने के लिए उत्सुक हूं। एलन मस्क ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट में कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों में आपकी जीत के लिए नरेंद्र मोदी आपको बधाई। मैं भारत में अपनी कंपनियों द्वारा रोमांचक काम किए जाने के लिए उत्सुक हूं। वहीं कार्यवाहक पीएम मोदी ने मस्क की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, आपकी बधाई के लिए आभारी हूं एलन मस्क उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली भारतीय युवा, देश की जनसांख्यिकी, पूर्वानुमानित नीतियां और स्थिर लोकतांत्रिक राजनीति अपने सभी भागीदारों के लिए कारोबारी माहौल प्रदान करती रहेगी।

बता दें कि इलेक्ट्रिक कार निर्माता टेस्ला और माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के सीईओ द्वारा अप्रैल में बहुत भारी टेस्ला दायित्वों के कारण भारत की अपनी प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी थी। एलन मस्क के 21 और 22 अप्रैल को भारत में होने की उम्मीद थी। वे प्रधानमंत्री मोदी से मिलने वाले थे। एलन मस्क ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि वह इस साल के अंत में भारत आने के लिए उत्सुक हैं।

हालांकि पिछले साल जून में पीएम मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान एलन मस्क ने उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने कहा था कि वे 2024 में भारत आने की योजना बना रहे हैं, साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि टेस्ला जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी।

## मुंबई एयरपोर्ट पर एक ही रनवे पर दो विमान! एक लैंडिंग तो दूसरा उड़ने के लिए था तैयार

**मुंबई ( एजेंसी )।** मुंबई हवाई अड्डे पर इंडिगो विमान के उतरने के एक मिनट से भी कम समय में एयर इंडिया का एक विमान उसी हवाई पट्टी से उड़ान भरने लगा. अधिकारियों ने रविवार को कहा कि मामले की जांच नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) कर रहा है. उन्होंने कहा कि डीजीसीए ने शनिवार को घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को निलंबित कर दिया है, जबकि इंडिगो ने मामले की जांच शुरू कर दी है. एक ही रनवे पर एक विमान के उतरने और दूसरे विमान के उड़ान भरने का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया गया है.

डीजीसीए के एक अधिकारी ने कहा, हम जांच कर रहे हैं और घटना में शामिल एटीसीओ को पहले ही ड्यूटी से हटा दिया गया है. मुंबई हवाई अड्डा एकल रनवे पर संचालित होता है, जिसमें दो क्रॉसिंग रनवे हैं. मुंबई हवाई अड्डे के एक रनवे आरडब्ल्यू27 पर प्रति घंटे लगभग 46 आगमन और प्रस्थान होते हैं. इंडिगो ने बयान में कहा, आठ जून को इंदौर से इंडिगो की उड़ान 6ई 6053 को मुंबई हवाई अड्डे पर एटीसी द्वारा उतरने की मंजूरी दी गई. प्रभारी पायलट ने एप्रोच और लैंडिंग जारी रखी और एटीसी के निर्देशों का पालन किया. एक सूत्र ने कहा कि नियम के अनुसार, प्रस्थान करने वाले विमानों को हवाई पट्टी के अंत को पार करना होता है।

## महिला मंडल ने मेघावी छात्रा प्रतिभा को दी आर्थिक सहायता

**कोरबा।** हरदीबाजार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा के कु. प्रतिभा पटेल पिता श्रवण पटेल ने कक्षा दसवीं सत्र 23 -24 में 94प्रतिशत प्राप्त की है विद्यालय में सर्वोच्च स्थान रहा है जिनका पारिवारिक आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है और छात्रा आगे और पढ़ाई करना चाहती है जिसको विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए श्रद्धा महिला मंडल ने रवींद्र भवन वसंत विहार एस ई सी एल बिलासपुर द्वारा उनके प्रतिभा को निखारने हेतु व आगे बढ़ाने हेतु प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से मेधा सम्मान 2024 के तहत 10000 मोमेंटो प्रशस्ति पत्र एवं पर्यावरण संतुलन हेतु एक पौधा के साथ सम्मानित किया गया।
























## खास खबर

### शराब की दुकान पर सुरक्षा गार्ड पर जानलेवा हमला, गला रेतकर आरोपी फरार

**कबीरधाम।** रविवार रात करीब 11 बजे कवर्धा के बायपास रोड स्थित सरकारी शराब दुकान के सुरक्षा गार्ड का अज्ञात लोगों ने गला रेत दिया। गार्ड को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। घायल गार्ड का नाम रुस्तम कुमार है, जो नाइट ड्यूटी पर तैनात था। बताया जा रहा है कि यह गार्ड दुकान पर ही था। इसी दौरान उसके ऊपर हमला हुआ है। इस वारदात की पुष्टि कबीरधाम एसपी डॉक्टर अभिषेक पल्लव ने किया है। उन्होंने बताया कि मामले में सिटी कोतवाली थाना में धारा 307 के तहत मामला दर्ज किया गया है। घायल गार्ड को सामान्य चोट आई है। जिला अस्पताल में उपचार किया गया। गार्ड भी शराब के नशे में था। उसकी स्थिति सामान्य होने के बाद पूछताछ की जाएगी। घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खांगले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी हो जायेगी।

### नशेड़ी ने कुलहाड़ी से हमला कर ग्रामीण को जख्मी किया

कोरबा (ए.)। उरगा थाना अंतर्गत कुरुडीह गांव में शराब के नशे में धुत्त एक अधेड़ ने टांगी से एक युवक पर हमला कर दिया। वारदात में युवक गंभीर रुप से घायल हो गया है,जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। घर के सामने गाली गलौज करने से मना करना एक युवक को महंगा पड़ गया। नशे में धुत अधेड़ ने युवक पर टंगिया से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। वह दोस्तों को आते देख मौके से भाग निकला। घटना में घायल युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया गया है। उरगा थाना अंतर्गत ग्राम कुरूडीह में पुरूषोत्तम कंवर निवास करता है। उसका 25 वर्षीय पुत्र मनीष कंवर घर के सामने दोस्तों के साथ खड़ा था। इसी दौरान गांव में ही रहने वाला बाबूलाल मौके पर पहुंचा। वह सडक पर खडे होकर गाली गलौज करने लगा। अपने घर के सामने गाली गलौज करते देख मनीष ने मना गर दिया। यह बात अधेड़ को नागवार गुजरी और अपने पास रखे टंगिया से मनीष पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उसे खून से लथपथ देख दोस्त बीच-बचाव करने पहुंचे तब तक बाबूलाल मौके से फरार हो गया। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल मनीष को इलाज के लिए जिल अस्पताल दाखिल कराया गया है। इस मामले में जानकारी मिली है,कि बाबूलाल इससे पहले भी कई लोगों पर हमला कर चुका है। मामले में पुलिस ने बाबूलाल के खिलाफअपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

### हाइवा ने बुजुर्ग को रौंदा

**रायपुर (ए.)।** सांकरा स्थित निकित स्पंज प्लांट के पास हाइवा ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक करण सिंह पाल 67 वर्ष सांकरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि कल सुबह वह मॉर्निंग वॉक पर निकला था, तभी निकित स्पंज प्लांट के पास हाइवा क्रमांक सीजी 04 एलके 2862 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए करण सिंह को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# सो रही महिला को उठा ले गया तेंदुआ, पहाड़ी में मिली लाश

## सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम

**कांकेर (ए.)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में तेंदुआ के हमले से महिला की मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक घर में सो रही बुजुर्ग महिला को तेंदुआ उठा ले गया। जिसके बाद पहाड़ी के पास उसकी लाश मिली है। इधर मामले की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है।




बतादें कि उत्तर बस्तर के इलाके में तेंदुआ के हमले की खबर ने लोगों को दहशत में डाल दिया है। मामला कांकेर जिले के नरहरपुर वनपरिक्षेत्र के चनार गांव का बताया जा रहा है, जहां 75 बर्षीय बुजुर्ग महिला रात में तेंदुआ उठा ले गया। जानकारी के मुताबिक महिला खाना खाने के बाद सोने चली गई थी। इस दौरान परिवार के अन्य सदस्य भी सोने चले गए। तभी देर रात तेंदुआ कच्चे मकान का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा और घर पर सो रही बुजुर्ग महिला को उठा ले गया।

सुबह होने के बाद घर के लोगों ने देखा कि यहां सब बिखरा पड़ा हुआ है। वही कच्चे मकान का दरवाजा भी खुला हुआ था। जिसके बाद कमरे में जाकर देखा तो महिला गायब थी। जिसे देख परिजन हैरान होकर महिला को ढूंढने लगे। उसी दौरान महिला का शव घर से कुछ दूरी पर पहाड़ी में क्षत-विक्षत हालत में मिली। इधर मामले की सूचना पर वन विभाग की मौके पर पहुंचकर आगे की कर्रवाई में जुट गई है।

### ट्राला वाहन के लोहे के सामान से दबकर चालक की हुई दर्दनाक मौत

**कोंडागांव (ए.)।** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंर्तगत चौपाटी के पास हुई दुर्घटना में एक ट्राला वाहन के चालक की दर्दनाक मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रहे एक ट्राला वाहन के ऊपर भारी भरकम लोहे का पुल बनाने के सामान का परिवहन किया जा रहा था। चलती वाहन में भारी भरकम लोहे का पुल बनाने के सामान को बांधकर रखें मोटे संकल के टूटने से ट्रक के केबीन के ऊपर ही भारी भरकम लोहे का पुल बनाने के सामान सरक गया। ड्राइवर केबिन के ऊपर गिरा भारी भरकम लोहे के नीचे दबकर चालक की मौके पर ही हुई मौत हो गई, लेकिन बड़ा हदसा होने से बालबाल बच गया, यदि भारी भरकम लोहे का सामान राहगीरों पर गिर जाात तों बड़ी जनहनि हो सकती थी। दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस लोहे का ब्रिज हटाकर चालक को निकलवाकर यातायात की बहाली की गई। वाहन चालक के पास से बरामद आधार कार्ड से चालक का नाम प्रशांत कुमार पिता रामेश्वर सिंह निवासी औरंगाबाद की जानकारी मिली है।



## उरगा एफसीआई गोदाम में चावल की चोरी या हेराफेरी, पुलिस करेगी जांच

**कोरबा (ए.)।** भारतीय खाद्य निगम यानी एफसीआई के उरगा गोदाम में चावल चोरी की शिकायत पुलिस थाना उरगा में की गई है। गोदाम से चावल की चोरी हुई है अथवा हेरा फेरी की गई है इसकी जांच अब पुलिस करेगी।

जानकारी के अनुसार प्रांशु अग्रवाल, पिता प्रदीप अग्रवाल, कोरबा द्वारा प्रेम राईस मिल का संचालन सरगबुंदिया में किया जा रहा है। प्रांशु अग्रवाल ने उरगा पुलिस थाना में शिकायत करते हुए बताया है कि उन्होंने विगत दिनांक 01.06.2024 को अपनी गाड़ी से एक लॉट (लॉट 15. 10636) चांवल (580 बोरी) लोड कर एस. डब्ल्यू. सी. एफ सी. आई. चॉवल गोदाम उरगा भेजा था, जिसे एस. डब्ल्यू. सी. एफ सी. आई. चॉवल गोदाम उरगा के मैंनेजर द्वारा रिजेक्ट कर दिया गया था। दिनांक 08.06.2024 को एस. डब्ल्यू. सी. एफ सी. आई. चॉवल गोदाम उरगा में रिजेक्ट हुए एक लॉट चावल को वापस मंगवाने हेतु प्रांशु अग्रवाल ने अपना वाहन भेजा। हमालों ने वाहन में चांवल की बोरी लोड कर गिनती कर बताया कि वाहन में 575 बोरी चावल लोड हुई है, जबकि प्रांशु अग्रवाल ने दिनांक 0. 06. 2024 को एस. डब्ल्यू. सी. एफ सी. आई. चॉवल गोदाम उरगा में एक लॉट यानी 580 बोरी चावल जमा किया था।

शिकायत में बताया गया है कि उक्त चावल एस. डब्ल्यू. सी. एफ सी. आई. चॉवल गोदाम उरगा के मैंनेजर के आधिपत्य में था। गोदाम के मैनेजर कोई जवाबदारी नहीं ले रहे है। एस. डब्ल्यू. सी. एफ सी. आई. चॉवल गोदाम उरगा के मैनेजर से 5 बोरी चॉवल की मांग करने पर मैंनेजर द्वारा साफ इनकार किया जा रहा है कि वे नहीं दे सकते। गोदाम के मैनेजर द्वारा बहस करते हुए किसी व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया होगा, कहा जा रहा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गोदाम के मैनेजर द्वारा दिये गये जवाब से स्पष्ट हो रहा है कि मैनेजर द्वारा ही लॉट से 5 बोरी चोरी किया गया है। पुलिस से अनुरोध किया गया है कि पांच बोरी चांवल वापस दिलाते हुए उचित कार्यवाही की जाए।

## गांजा के साथ 2 नाबालिग को पकड़ाए



### मंडल टास्क टीम रायपुर और आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई

**रायपुर (ए.)।** मंडल सुरक्षा आयुक्त एसके गुप्ता के दिशा निर्देशन में मंडल टास्क टीम रायपुर और आरपीएफ पोस्ट रायपुर ने 8 जून को दो नाबालिग लड़कों को 12 किलो गांजा के साथ पकड़ा। पकड़े गए मादक पदार्थ की कीमत 2,40,000 रुपये आंकी गई है।

मुखबिर की सूचना पर रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 5 के दुर्ग छोर पर दोनों नाबालिगों को पकड़ा गया। मंडल टास्क टीम प्रभारी उपनिरीक्षक केबी गुप्ता और उनकी टीम ने इन नाबालिगों को पकड़ा। पकड़े गए नाबालिग थाना गैरतगंज, जिला रायसेन मध्यप्रदेश के निवासी हैं। दोनों नाबालिगों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

पूछताछ में दोनों ने बताया कि उन्होंने यह गांजा हरिशंकर, ओडिशा से खरीदा था और रायपुर रेलवे स्टेशन से सागर के रास्ते गैरतगंज जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। दोनों नाबालिगों और जब्त मादक पदार्थ गांजा को विधिवत कार्यवाही उपरांत शासकीय रेल पुलिस थाना रायपुर को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया। शासकीय रेल पुलिस थाना रायपुर ने अपराध क्रमांक 84/2024 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर दोनों नाबालिगों को बाल किशोर न्याय बोर्ड न्यायालय माना कैंप रायपुर के समक्ष पेश किया।

## अपराधियों के संपर्क में रहने वाले आरक्षक पर गिरी गाज, एसी ने किया बर्खास्त

**बिलासपुर (ए.)।** बिलासपुर में पुलिस अधीक्षक ने एक आरक्षक को सेवा से तत्काल बर्खास्त कर दिया है। बताया जा रहा है कि ये आरक्षक 10 खतरनाक अपराधियों के संपर्क में था। आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने की सूचना मिलने पर आरक्षक को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। कुछ दिनों पहले हिर्री थाना क्षेत्रान्तर्गत बाईपास स्थित ग्राम बेलमुंडी में खूंखार अपराधियों द्वारा पिस्टल,देशी कट्टा और धारदार चापड़ से लैस होकर किसी घटना को अंजाम देने की सूचना पुलिस को मिली थी। जिसमें 10 अपराधियों को पकड़ा था। जिसमें एक आरक्षक लगातार अपराधियों के फोन और मैसेज कर संपर्क में था। इसपर उसे बर्खास्त कर दिया गया।




दरअसल, हिर्री पुलिस को 12 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि बिलासपुर रतनपुर बाईपास हाईवे के ग्राम बेलमुंडी में एक यार्ड नुमा जगह में करीब 8 से 10 शातिर खतरनाक अपराधी अपने पास देसी बंदूक और धारदार हथियार रखे हुए हैं। इसकी सूचना पर पुलिस ने अलग-अलग चार टीम बनाई और चारों टीम को शनिवार की रात 9:15 में यार्ड के चारों तरफ घेर लिया।

इस दौरान पुलिस को देखकर यार्ड में छुपे अपराधी लोडेड पिस्तौल देसी कट्टा और धारदार हथियार लहराते हुए पुलिस को गोली मारने की धमकी देने लगे थे। लेकिन, पुलिस ने घेराबंदी कर सभी 10 आरोपियों को पकड़ लिया। अपराधियों से एक देसी ऑटोमेटिक पिस्टल, दो देसी कट्टा, एक दर्जन से ज्यादा जिंदा कारतूस और कई धार हथियार सहित 21 किलो गांजा, दो कार और दो ट्रक बरामद हुए। इसी बीच पता चला कि सिरगिट्टी थाना में पदस्थ आरक्षक बबलू बंजारे आरोपीयो के मोबाइल पर लगातार संपर्क में था। आरक्षक अपने विभाग के हर गतिविधियों की जानकारी इन अपराधियों को देता था।

पुलिस अधीक्षक ने जांच उपरांत तत्काल उसे निलंबित कर दिया था। वहीं मामले की विस्तार पूर्वक जांच शुरू की गई। इस दौरान आरोपियों के मोबाइल की डिटेल निकाली गई। जिसमें आरक्षक बबलू बंजारे लगातार उनके संपर्क में रहने की बात सामने आई। फिलहाल, आरक्षक को बर्खास्त कर दिया गया है।

## अवैध प्लाटिंग पर मुरूम रोड काटकर, प्लाटों की डीपीसी को हटाकर लगाई रोक

**रायपुर (ए.)।** रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों पर कार्यवाही लगातार जारी है। नगर पालिक निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता एवं नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग ने तहसीलदार श्री देवांगन एवं जोन 8 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता ईश्वर लाल टावरे, उप अभियंता रुचिका मिश्रा, अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2 के तहत कोटा में चित्रकूट परिसर के सामने खसरा नम्बर 44/6,44/10,44/11 की लगभग 4 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर स्थल में अवैध प्लाटिंगकर्ता द्वारा प्लाट कटिंग करने की गयी मार्किंग को हटाकर, डीपीसी को काटकर, अवैध मुरुम रोड को काटकर आवागमन बाधित करते हुए कारगर रोक लगाई गयी।

नगर निगम जोन 8 के जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव ने बताया कि रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त के निर्देशानुसार जोन 8 के तहत वार्ड नम्बर 2 के तहत कोटा में चित्रकूट परिसर के सामने लगभग 4 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगायी गयी है। नगर निगम जोन क्रमांक 8 के नगर निवेश विभाग के माध्यम से रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर निजी भूमि के वास्तविक भूमि स्वामियों की जानकारी सम्बंधित नगर निगम जोन क्रमांक 8 के नगर निवेश विभाग को शीघ्र उपलब्ध करवाने कहा गया है। तहसील कार्यालय से जानकारी मिलते ही छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सम्बंधित अवैध प्लाटिंगकर्ताओं के विरूद्ध संबंधित पुलिस थाना में नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत कड़ी कानूनी कार्यवाही करने नामजद एफआईआर दर्ज करवायी जायेगी।

## महिला व उसके पुत्र से मारपीट

**रायपुर (ए.)।** लोन के पैसे को लेकर दो युवकों ने एक महिला व उसके पुत्र से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया पूनम देवी उपाध्याय 36 वर्ष हीरापुर में अपने बेटे के साथ रहती है। वहीं उसके पति का निधन हो चुका है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के पति ने पूर्व में लोन लिया था। जिसे लेकर आरोपी अखिलेश मिश्रा व प्रशांत मिश्रा ने प्रार्थिया के घर आया और लोन नहीं पटा रहे हो कहते हुए प्रार्थिया व उसके पुत्र राजकुमार से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294,323,506,34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शिकायत के बाद आबकारी विभाग की कार्रवाई

## ब्रांडेड शराब में मिलावट करते पकड़े गए सेल्समेन व सुपरवाइजर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** ट्रांसपोर्ट नगर स्थित विदेशी शराब दुकान में उस वक्त हड़कंप मच गया जब जिला आबकारी विभाग की टीम वहां पहुंचे जहां रंगे हाथों शराब में मिलावट करते टीम ने पकड़ा। बताया जा रहा है कि विदेशी शराब दुकान में कर्मचारी शराब दुकान बंद होने के बाद चोरी चुपके काम कम रेट के शराब को अधिक रेट के शराब के बोतलों में मिलावट का काम कर रहे हैं। जिसके आधार पर आबकारी विभाग की संयुक्त टीम दुकान खुलते ही पहुंची और जांच शुरू की। इस दौरान आकस्मिक निरीक्षण करने पर सुपरवाइज़र प्रतिपाल यादव,सेल्समेन प्रवीण जयसवाल और मल्टींवर्कर होलिका सिंह को शराब में मिलावट करते पकड़ा गया।



बताया जा रहा कि आरोपियों के क़ब्ज़े से 06 नग मैकडॉवेल्स नम्बर 1 की बॉटल में भरी मिलावटी मदिरा,06 नग मैकडॉवेल्स ढ्श1 बॉटल की ख़ाली शीशी ढक्कन,06 नग गोवा व्हिस्की बॉटल ख़ाली शीशी,और 04 नग आफ्टरडार्क बॉटल की ख़ाली शीशी और ढक्कन बरामद किया गया। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 38(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। बताया जा रहा है कि ये खेल काफी लंबे समय से चल रहा है जिसके शिकायत ग्राहक भी कर रहे थे विभाग को इंतजार था कि कब इस खेल को खेले और कार्यवाही करें।

बताया यह भी जा रहा है कि जिले में कई ऐसे शराब दुकान है जहां शराब में मिलावट का अवैध कारोबार किया जा रहा है इससे पहले भी कई शराब दुकान में कर्मचारी पकड़े गए हैं लेकिन उसके बावजूद भी उनके हौसले बुलंद रहते हैं ऐसे में कई बातें सामने आती है कि कहीं ना कहीं किसी न किसी का ऊंचे पहुंचे और उच्च अधिकारियों से उनकी सांठ गांठ है।

## दर्दनाक हादसा : अनियंत्रित होकर पलटी बाइक, तीन की मौत, शिनाख्त में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल तीनों मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।




मिली जानकारी के अनुसार लैलूंगा निवासी बाइक सवार तीन लोग पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने घरघोड़ा जा रहे थे। बाइक सवार जब गोसाईडीह अंगेकेला मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि बाइक तेज गति होने के कारण बाइक चला रहा युवक नियंत्रण खो बैठा और फिर बाइक सड़क पर गिर गई। इस दुर्घटना में शरीर में अधिक चोट लगने की वजह से बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल में ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य को गंभीर चोट लगने के कारण लैलूंगा अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। लैलूंगा पुलिस मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार ग्राम मधुबन थाना कोतबा क्षेत्र के हैं। पुलिस मृतकों की शिनाख्त में जुट गई है।



भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार
बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता


कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### तोखन साहू के केंद्रीय मंत्री बनने पर गजेंद्र ने दी बधाई



**भिलाई।** बिलासपुर लोकसभा के सांसद तोखन साहू को केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने बधाई दी है। यादव रविवार को दिल्ली में है। उन्होंने साहू से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट किया। इधर, पूर्व क्रेडा सदस्य विजय साहू ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ से साहू समाज के किसी नेता को केंद्र सरकार मंत्री बनाया है। उन्होंने कहा कि तोखन साहू का मंत्री बनना पूरे छत्तीसगढ़ के साहू समाज के साथ पिछड़ा वर्ग और प्रदेश की जनता के लिए गर्व का विषय है। उल्लेखनीय है लोकसभा चुनाव के पहले साहू समाज की भाजपा के प्रति नाराजगी की चर्चा चल रही थी। हालांकि साहू समाज ने बढ़ चढ़कर भाजपा के पक्ष में मतदान किया था।

### विधायक चंद्राकर ने सोसायटियों में किसानो को डिमांड के अनुसार खाद्य बीज उपलब्धता के दिए निर्देश

**दुर्ग।** ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने जिले के समस्त सोसायटियों में खाद्य, बीज की उचित उपलब्धता व भंडारण की व्यवस्था के लिए ज़िला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीइओ को फ़ोन और प्रत्राचार के माध्यम से निर्देश प्रदान किया। कुछ दिनों में बारिश का सीजन चालू हो जायेगा किसान भाई बहन खेती किसानी के कार्य में लग गए है खेती किसानी के काम को देखते हुए आगामी खरीफसीजन के मद्देनजर 15 जून तक प्रदेश के सभी सोसायटियों में किसानों को उनकी डिमांड के अनुसार मानक स्तर के खाद-बीज की सरलता से उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए हैं। राज्य में खाद-बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। किसान साथियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस संबंध में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि खरीफसीजन में किसान भाईयों द्वारा डी.ए.पी. खाद की मांग ज्यादा की जाती है। इसको ध्यान में रखते हुए डी.ए.पी. खाद की मांग के अनुरूप सतत आपूर्ति पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### महासागर दिवसः एनसीसी कैडेट्स ने तालाब की सफाई की

**भिलाई।** 37 छग बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी के निर्देश पर कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई नगर के एनसीसी एसडी इकाई ने बोरई बस्ती के तालाब में एनसीसी कैडेटों ने पुनीत सागर अभियान के तहत विश्व महासागर दिवस मनाया। ले. डॉ. हरीश कुमार कश्यप ने बताया कि कैडेटों ने तालाब के आस पास स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामवासियों को विश्व महासागर दिवस मनाने का कारण बताया। इसका थीम नीली समृद्धि है। नीली समृद्धि का संकेत एक आर्थिक परिवर्तन की ओर है। इसका मकसद स्थिरता सामाजिक समानता और पर्यावरणीय संतुलन को समझना और प्रोत्साहित करना है।

### संडे मार्केट दूसरे दिन भी पहुंची निगम की टीम

# व्यापारियों से हुई तिखी बहस चेतावनी के साथ चालान भी काटा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर निगम भिलाई की टीम ने लगातार दूसरे दिन संडे मार्केट में कार्रवाई की। रविवार को बाजार लगने से पहले ही निगम की टीम पहुंच गई और सड़क पर पसरा लगाने वालों को चेतावनी दी। इस दौरान कुछ लोगों का चालान भी काटा गया। कार्रवाई के दौरान संडे मार्केट के व्यापारियों के साथ तिखी बहस भी देखने को मिली। इसके बाद भी निगम ने अपनी कार्रवाई नहीं रोकी। संडे मार्केट के बाद सूर्या मॉल के पास भी बेजा कब्जों को हटाने की कार्रवाई की गई।



रविवार को सबसे पहले संडे मार्केट सुपेला, अंडरपास से लेकर गदा चौक तक पसारा लगाकर व्यवसाय करने वालों को हटाए गया। कुछ लोग आदतन रोड के ऊपर पसरा लगा करके व्यापार करते पाए गए उन पर चालानी कार्रवाई की गई। निगम की टीम को इस दौरान यह भी जानकारी मिली कि कुछ बड़े दुकान वाले पैसा लेकर अपनी दुकान के सामने पसारा लगाने की अनुमति देते हैं। उन्हें भी निगम के अधिकारियों ने चेतावनी दी।

जिन जगहों से अवैध कब्जा हटाया गया था उन पर पेट्रोलिंग करके चेक किया जा रहा था कि उनके द्वारा दोबारा वहां व्यवसाय तो नहीं शुरू किया गया। इसके बाद नगर निगम की टीम ने सुपेला लक्ष्मी नगर सब्जी मंडी, शराब भट्टी के इर्द-गिर्द नाली के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाया। अवैध कब्जा को जो तोड़ा गया था साफकिया गया द्य अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी जोन कमिश्नर रवि सिन्हा, ईशा लहरे ने दलबल के साथ कार्रवाई की।

गदा चौक से अवंती बाई चौक तक के व्यवसाईयों का राजस्व विभाग का दल कागज चेक कर रहा था, सभी को पूर्व में नोटिस भी दिया गया था द्य जिनके द्वारा अवैध कब्जा सेड का निर्माण करके करके रोड जाम किया गया उनको हटाया गया। वहां से आगे बढ़ते हुए दल सूर्या मॉल तक पहुंचा। सूर्या मॉल के पास सड़क के ऊपर अवैध कब्जा हटाया गया। हाइटेक हॉस्पिटल के पास मोड पर रोड के ऊपर सेड बना कर व्यवसाय करने वालों को हटाया गया, सबको हिदायत दी गई कि अपने हद में रहकर व्यवसाय करेंद्य स्मृति नगर चौक, जुनवानी चौक से शंकरा मेडिकल कॉलेज के पास बहुत सारे रोड के किनारे खाली जमीन पर अवैध कब्जा करके घेर कर व्यवसाय कर रहे थे सभी को हटाया गया।

अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया इसके पूर्व में सबको नोटिस दी गई थी परंतु लोगों ने हटाया नहीं इसलिए कार्रवाई करना जरूरी हो गया था। आवागमन में बाधा पड़ रही थी और ट्रैफिक्र जाम हो रहा थाद्य कुछ लोग विरोध कर रहे थे उन्हें नगर निगम भिलाई के अधिकारियों द्वारा एवं पुलिस बल द्वारा समझाया गया। आज की कार्रवाई में प्रमुख रूप से भवन अधिकारी हिमांशु देशमुख, उप अभियंता नितेश मेश्राम, सिद्धार्थ साहू, सब इंजीनियर पुरुषोत्तम सिन्हा, प्रभा लाकड़ा, जोन के राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, धीरज साहू, जेपी तिवारी, मलखान सिंह सोरी, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम तिवारी अपने तोड़फोड़ दल के साथ उपस्थित रहेद्य आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी लोगों से अपील की है जो भी व्यवसाय करें अपने हद में करें जितना परमिशन हो इस पर करें। अतिरिक्त निर्माण करके व्यवसाय करने वालों पर नगर निगम करवाई करेगा इसकी संपूर्ण व्यवसाय करने वाले की होगी।

## नाला सफाई व्यवस्था का महापौर एवं आयुक्त ने लिया जायजाः बरसात के मद्देनजर कार्य को मिशन मोड़ पर करने निर्देश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम क्षेत्र में नगर निगम प्रशासन द्वारा मानसून को देखते हुए सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। जेसीबी से नालों की सफ ाई करते हुए कचरा निकालने का कार्य किया जा रहा है,जिससे बरसात के दिनों में नालियों के ओवर फ्लों अथवा जाम आदि की समस्या न रहे। महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,वार्ड पार्षद दीपक साहू,स्वास्थ्य विभाग प्रभारी हमीद खोखर,पार्षद प्रकाश जोशी स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,रामलाल भट्ट,परम, धनंजय, शिवाकांत तिवारी स्वास्थ्य अमला के साथ आज प्रातः शहर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 43 मुक्त नगर में चल रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण करने पहुँचे।

आने वाले बरसात के मौसम के मद्देनजर इस कार्य को मिशन मोड़ पर करने के निर्देश।निरीक्षण के दौरान महापौर बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चंद्राकर को स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने बताया कि सभी बड़े और छोटे नालों की सफ ाई की जा रही है, जिससे पानी के साथ बहकर कचरा फैलने की स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा मौसम विभाग के मुताबिक अबकी सीजन में अच्छी बारिश की संभावना है। मानसून भी तय सीमा पर आएगा। उन्होंने साफ कहा कि बारिश के पहले गैंग बनाकर शहर के शेष बचे नाला व नालियों की सफाई का कार्य करवाये।उन्होंने ये भी कहा कि जिस नाला का रोजाना होने वाले साफ कार्यो को अपडेट रखा जाये ताकि निरीक्षण में स्पष्टता रहे। महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा नाला सफ ाई कार्य का निरीक्षण वार्ड क्रमांक 43 मुक्त नगर नाला सहित बल्ला डेयरी क्षेत्र का भी निरीक्षक कर बारिश के पूर्व सभी नालो की सफ ाई कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश।

## डीयू का दूसरा दीक्षांत जुलाई-अगस्त में 50 शोधार्थियों को मिलेगी उपाधि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह जुलाई-अगस्त में संभावित है। इसमें 50 से अधिक शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी जाएगी। इसमें समाज शास्त्र, रसायन, वाणिज्य, शिक्षा, हिंदी, माइक्रोबायोलॉजी, राजनीति शास्त्र समेत अन्य विषयों के शोधार्थी शामिल हैं। साथ ही विभिन्न विषयों की प्रावीण्य सूची में पहला स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिया जाएगा। इसकी अंतिम तिथि तय करने के पहले राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री से समय लिया जाएगा।

उनके मिले समय के अनुसार कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि दीक्षांत भाषण के लिए वैज्ञानिक, समाजसेवी या फिर अन्य विशिष्ट व्यक्ति को आमंत्रित किया जाएगा। इसके विचार विमर्श किया जा रहा है। शिक्षा सत्र 2022-23 के दीक्षांत समारोह में 46 दानदाताओं से मिले स्वर्ण पदक प्रदान किए गए थे। इसमें कुछ और अन्य विषयों को जोड़ा जा रहा है। इस साल नेहरू नगर निवासी एके जैन ने अपने बेटे के नाम से स्वर्ण पदक के लिए राशि दी है।

## भिलाई की श्रुति ने नीट-2024 में प्राप्त किए 720 में से 706 अंक, एम्स से करना चाहती हैं डॉक्टरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नेशनल एंट्रेंस कम एलिजिबिलिटी टेस्ट-2024 (नीट) के परिणाम घोषित होने के साथ ही, भिलाई की श्रुति अग्रवाल राज्य में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वालों में से एक बन गयी हैं। श्रुति, महाप्रबंधक (रिक्लेमेशन-बीएसपी), शैलेंद्र अग्रवाल, की सुपुत्री हैं, तथा उनकी माता श्रीमती किरण अग्रवाल एक गृहणी हैं।

दिल्ली पब्लिक स्कूल, भिलाई की छात्रा श्रुति ने अखिल भारतीय प्री-मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-2024 में 720 में से 706 अंक प्राप्त किए हैं। श्रुति का ऑल इंडिया रैंक 820 है, तथा महिला वर्ग में उन्होंने 476वां स्थान प्राप्त किया है उल्लेखनीय है कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई) द्वारा आयोजित ऑल इंडिया सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2023-24 (कक्षा 12वीं) में भी 98.40 प्रतिषत अंकों के साथ, सुश्री श्रुति अग्रवाल ने अपने विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।

श्रुति अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से एमबीबीएस की शिक्षा प्राप्त कर एक कुशल डॉक्टर बनकर समाज और राष्ट्र की सेवा करना चाहती हैं। अपनी इस सफलता पर श्रुति ने कहा, बीएसपी-टाउनशिप की सकारात्मक शैक्षिक संस्कृति से मुझे परीक्षाओं हेतु अच्छी तैयारी करने में काफी सहायता मिली है।

भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार सहित बीएसपी के वरिष्ठ प्रबंधन ने श्रुति को उनकी सफलता पर बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र बिरादरी ने भी सुश्री श्रुति अग्रवाल को नीट-2024 व सी.बी.एस.ई-कक्षा 12वी बोर्ड परीक्षा 2023-24 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में बच्चों को खुश रहने के टिप्स दिए गए

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तितुरडीह में चेतना विकास मूल्य शिक्षा के माध्यम से पांच दिवसीय हैप्पीनेस सेमिनार का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय शिविर में वक्ता केआर साहू ने जीवन को परिभाषित करते हुए उसके महत्व को समझाया, अस्तित्व, आवश्यकता के भेद तथा रूचि, मूल्य और लक्ष्य के महत्व को समझाया।



इस दौरान बच्चों को खुश रहने के टिप्स दिए गए। इसके अलावा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में प्राचार्या प्रेमलता तिवारी, केआर साहू और परसराम द्वारा पौधा रोपण करते हुए सभी लोगों शपथ दिलाया गया की वे अपने-अपने घर और विद्यालय के आस-पास अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण करेंगे। कार्यशाला के समापन में प्राचार्या द्वारा उपस्थित वक्ता और अतिथि को शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता और मुख्य आयोजक की भूमिका का निर्वहन प्राचार्य प्रेमलता तिवारी ने किया। इस अवसर पर पंकज साहू, स्वीटी वर्मा, इबरत आफरीन, सुखदीप सिंह भट्टी, शैलेश पृथवानी, सुमन साहू मौजूद थे।

## अमृत वेले में शरीर में अमृत समान हार्मोन रिलीज होते है जीवन में हेल्थ और वेल्थ दोनों की होती है प्राप्ति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** स्वयं एवं सर्व के प्रति शुभ भावना, शुभकामना रखना स्वच्छ मन की निशानी है, यदि मन में व्यर्थ व निगेटिव संकल्प आते हैं तो हमारा मन स्वच्छ नहीं है। बुद्धि की लाइन सदा क्लीन और क्लियर रहे दिल की सच्चाई व सफाई है तो परमात्मा साहब राजी है इसीलिए कहावत है सच्चे दिल पर सब राजी।

यह बातें सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में गुजरात से आए डॉक्टर अनिल भाई जो की संस्था के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू में हार्ट पेशेंट के लिए चल रहे ष्ट्ठ ग्रुप के एक्टिव सदस्य तथा गुजरात के मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट डीन ने कहीं।

आपने सुबह जल्दी उठने के चमत्कार को मेडिकल साइंस के वैज्ञानिक विधि द्वारा बताया कि सुबह 4 बजे जिसे हम अमृतवेले ब्रह्ममुहूर्त कहते हैं हमारे शरीर एवं ब्रेन से 17 हार्मोन निकलते हैं पिट्यूटरी ग्रंथि इसे शरीर की मास्टर ग्रंथि भी कहते है, हाइपोथैलेमस एक महत्वपूर्ण अंत:स्त्रावी ग्रंथि है, जो मस्तिष्क के आधार पर स्थित होती है इन दोनों से शरीर के सभी अंगो में (हार्मनी) सामंजस्य बनकर शरीर स्वच्छ होता है, जिससे हार्मोन का स्तर बैलेंस रह जो हार्मोन जीतना जरूरी होता है वह उतना ही शरीर में बनता है इसीलिए इस समय को अमृत वेले कहते हैं अर्थात शरीर से अमृत रूपी हार्मोन (रिलीज )निकलते हैं जिससे हमारा शरीर स्वस्थ रहता है जीवन में हेल्थ और वेल्थ दोनों की प्राप्ति होती है। अपने मॉर्निंग वॉक के बारे में बताते हुए कहा कि मॉर्निंग वॉक को मॉर्निंग वॉक इस क्वीन ऑफ ऑल एक्सरसाइज भी कहते हैं। क्योंकि सुबह की सैर से फ्रेश ऑक्सीजन अंदर जाती है।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिले शिक्षक संघ के प्रतिनिधि, वरिष्ठता निर्धारण को लेकर रखी अपनी बात

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार टोप्पो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से अपनी समस्याओं को लेकर मुलाकात करते हुउ अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान अनिल टोप्पो ने बताया कि शिक्षाकर्मी वर्ग 1,2 व 3 जिनका छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षा विभाग में क्रमशः व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक एलबीके पद पर संविलियन किया गया।





उनकी वरिष्ठता का निर्धारण शिक्षा विभाग के सामान्य प्रशासन विभाग से न कर पंचायत विभाग के नियमों से किया जा रहा है जिससे कि प्रदेश के लगभग 25000 शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। इसके कारण कनिष्ठ कर्मचारी वरिष्ठ हो रहे हैं।

प्रतिनिधि मंडल ने उप मुख्यमंत्री को संविलियन निर्देशों से अवगत कराते हुए बताया कि संविलियन के दौरान सभी संविलियन निर्देशों 07 के बिन्दु क्रमांक 06 व 11 के बिन्दु कमांक 02 और 06 के निर्देशों का पालन नही किया गया है। केवल संविलियन निर्देश कमांक 05 के 09 बिन्दु के आधार पर स्थानांतरण के पश्चात कार्यभार ग्रहण तिथि से वरिष्ठता प्रदान की गई है जो कि सामान्य प्रशासन के नियम के विपरीत है। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि वर्तमान में व्याख्याता (एलबी) जिनकी नियुक्ति अविभाजित मध्यप्रदेश में सीधी भर्ती नियम 1998 से हुई थी जिनको आज पर्यंत न तो कोई आर्थिक और न ही कोई पदोन्नति, कमोन्नति का लाभ मिला केवल एक स्थानांतरण के कारण वर्तमान जारी व्याख्याता वरिष्ठता सूची 2024 में पदोन्नति उपरांत स्थानांतरित शिक्षाकर्मी संविदा से नियुक्त शिक्षा कर्मी सीधी भर्ती से नियुक्त शिक्षा कर्मियों से कनिष्ठ हो गये है और तो और इस सूची में मृत शिक्षकों का नाम भी 2018 से आज तक चला आ रहा है जिनको विलोपित नही किया गया है।

ऐसी ही अनेक त्रुटि पूर्ण प्रकरणों पर बिन्दु वार चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के संज्ञान में लाया कि जैसे अविभाजित मध्यप्रदेश में सीधी भर्ती 1998 से नियुक्त शिक्षाकर्मियों का संविलियन किया गया है और जो नियम और नीति बनाई गई है उन्हीं नियमों के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में पदोन्नति के लिए नियम बनाये जाएं।

प्रतिनिधि मंडल ने मांग करते हुए कहा कि संविलियन पूर्व पंचायत विभाग द्वारा जारी समस्त नियमों को शून्य करते हुए शिक्षा विभाग के नियमानुसार समस्त व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षकों (एलबी) को उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान की जाए। साथ ही शिक्षा विभाग को पंचायत विभाग की जगह शिक्षा विभाग के नियमों में ही रखा जाए। इस मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष, ईश्वर प्रसाद बिशी, विजय कुमार नायडू, प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार साहू, सरगुजा जिलाअध्यक्ष अशोक नायक, ओम प्रकाश कश्यप, अंजूलता महंत, उर्मिला साहू, गायत्री साहू, प्रियंका, पुष्कर सिंह राजपूत, बजरंग दास, चंद्रेश रात्रे, शैलेन्द्र रुशिया, आर. चंद्राकर, निवेदिता आदि उपस्थित रहे।

## देवेन्द्र यादव ने आकाश कनोजिया को नियुक्त किया विधायक प्रतिनिधि

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव ने कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई से राजनीति की शुरुआत करने वाले सेक्टर-5 निवासी आकाश कनोजिया को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक प्रतिनिधि के रुप में आकाश कनोजिया का कार्यक्षेत्र हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग रहेगा।



अपनी इस नियुक्ति पर आकाश कनोजिया ने विधायक देवेन्द्र यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस विश्वास और उम्मीद से उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे।

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग में विधायक देवेन्द्र यादव के प्रतिनिधि बनाए गए आकाश कनोजिया है वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश हस्ड्ड के प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने अपनी सक्रिय राजनीति की शुरुआत वर्ष 2012 में मौजूदा विधायक देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में एनएसयूआई से जुड़कर की थी। वर्ष 2013 में उन्हें एनएसयूआई कल्याण कालेज दुर्ग से अध्यक्ष का चुनाव जीता फिर वर्ष 2015-16 के दौरान आकाश कनोजिया छात्रसंघ अध्यक्ष बने । इसके बाद उन्होंने एनएसयूआई में प्रदेश सचिव, प्रदेश महासचिव के पद का बखूबी निर्वहन किया। विधायक प्रतिनिधि के रुप में नियुक्ति मिलने पर आकाश कनोजिया ने कांग्रेस पार्टी से जुड़े सभी वरिष्ठ नेताओं का आशीर्वाद लेकर मार्गदर्शन देते रहने का आग्रह किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950